दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 191
कोटद्वार शुक्रवार
11 नवम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## उत्तराखंड में जमीनों के सर्किल रेट जनवरी से बढ़ाने की तैयारी



**देहरादून।** उत्तराखंड में सरकार सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए शासन की ओर से सभी जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मांगे गए हैं। यदि सभी कुछ तैयारियों के मुताबित हुआ तो जनवरी में सर्किल रेट बढ़ा दिए जाएंगे। जमीनों के सबसे अधिक सर्किल रेट के मामले में हरिद्वार में हरकी पैड़ी का सर्किल रेट सबसे ज्यादा है।

पिछले दो सालों से राज्य में जमीनों के सर्किल रेट नहीं बढ़े हैं। 2021 में कोविड के कारण जबकि 2022 में राज्य के विधानसभा चुनावों को देखते हुए सर्किल रेट नहीं बढ़ाए गए। लेकिन अब एक बार फिर सर्किल रेट बढ़ाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। सूत्रों ने बताया कि इस संदर्भ में कुछ समय पूर्व वित्त विभाग की बैठक में निर्णय लिया गया। जिसके बाद जिलों से सर्किल रेट बढ़ाने का प्रस्ताव मांग लिया गया है।

जिलों से प्रस्ताव मिलने के बाद अब इस मामले में आगे कार्रवाई की जाएगी। राज्य में हर साल औसत 10 प्रतिशत की दर से सर्किल रेट बढ़ाए जाते हैं। लेकिन कई बार वित्त विभाग सर्किल रेट की दरों में एकरूपता लाने के लिए कुछ विशेष क्षेत्रों के सर्किल रेट तय सीमा से अधिक भी बढ़ा देता है। हालांकि इस बार सर्किल रेट कितने बढ़ाए जाएंगे यह अभी तय नहीं है। वित्त विभाग के सचिव दिलीप जावलकर ने सर्किल रेट के संदर्भ में प्रस्ताव मांगे जाने की पुष्टि की है।

जिला प्रशासन ने शुरू की तैयारी देहरादून की डीएम सोनिका ने बताया कि सर्किल रेट बढ़ाने के संदर्भ में प्रस्ताव तैयार करने के लिए कहा गया है। इसके संदर्भ में तैयारी शुरू कर दी गई है।

राज्य में इस समय हरिद्वार में हरकी पैड़ी से कोतवाली नगर तिराहा के बीच जमीनों के सर्किल रेट सबसे अधिक हैं। यहां की जमीनों का सर्किल रेट 57 हजार प्रति वर्ग मीटर चल रहे हैं।

इसके बाद सबसे महंगे दून में राजपुर रोड के सर्किल रेट हैं। यहां घंटाघर से आरटीओ तक प्रति वर्ग मीटर के सर्किल रेट 50 हजार रुपये हैं। हालांकि जमीनों के वास्तवित रेट इससे भी कई गुना ज्यादा हैं।

## विस अध्यक्ष ने की बदरीनाथ धाम में पूजा-अर्चना

**चमोली।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ा तु खंडूड़ी ने गुरुवार को बदरीनाथ धाम पहुंच कर विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने यहां भगवान बदरी विशाल का आशीर्वाद लिया साथ ही प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। बदरीनाथ में बर्फबारी के बीच उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुवार सुबह बदरीनाथ मंदिर सभा मंडप में बैठकर भगवान बदरी विशाल के दर्शन किए। उन्होंने इस दौरान परिसर में बदरीनाथ की सभी पूजाओं में प्रतिभाग किया। विधानसभा अध्यक्ष बुधवार को देर रात्रि बदरीनाथ पहुंची थी। विधानसभा अध्यक्ष ने गुरुवार को भगवान बदरी विशाल की विधिवत पूजा अर्चना एवं प्रदेश की उन्नति व खुशहाली की कामना की। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के उपाध्यक्ष किशोर पंवार सहित बीकेटीसी के अधिकारियों ने विधानसभा अध्यक्ष ा तु खंडूड़ी के बदरीनाथ धाम पहुंचने पर स्वागत किया एवं तुलसी माला, प्रसाद और बदरीनाथ के अंगवस्त्र भेंट किए। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने श्रद्धालुओं से बातचीत करते हुए उनकी यात्रा का जायजा भी लिया। इसके बाद उन्होंने देश के अंतिम गांव माणा का भ्रमण किया और भोटिया जनजाति की महिलाओं से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम पूछीद्य

## टेंट हाउस में काम करने वाले युवक की करंट से मौत

**हल्द्वानी।** करंट से झुलसे टेंट हाउस में काम करने वाले युवक की एसटीएच में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मूलरूप से ग्राम बसई थाना सांई, बरेली निवासी मोहन कश्यप (35) राजपुरा में रहकर टेंट हाउस में काम करता था। बुधवार शाम वह रामपुर रोड में टेंट उतार रहा था, तभी करंट की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। आनन-फानन में उसे उपचार के लिए एसटीएच में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। कोतवाल हरेन्द्र चौधरी ने बताया कि मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

## एसआइ परीक्षा पत्र लीक मामले में चार सीआरपीएफ कर्मियों समेत सात गिरफ्तार

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू कश्मीर पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद की भर्ती प्रक्रिया में हुई धांधली मामले के आरोपितों पर सीबीआइ ने शिकंजा कसते हुए सात और लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में चार केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफ के जवान है। इसके अलावा अखनूर के रहने वाले दो लोगों और एक हरियाणा के रेवाड़ी में रहने वाले व्यक्ति को पकड़ा है। पकड़े गए सभी लोगों की भूमिका परीक्षा पत्र को लीक करने में आ रही है। हरियाणा के करनाल में अभ्यार्थियों को परीक्षा पत्र मुहैया करवाने में इन सभी लोगों की अहम भूमिका है। सभी आरोपितों की गिरफ्तारी से पूर्व सीबीआइ उनके घरों पर दबिश दे चुका है। उनके ठिकानों में छापेमारी के दौरान मिलने के बाद उन्हें पकड़ा गया है। जिन स्थानों में छापा मारा गया था उनमें जम्मू, पठानकोट, रेवाड़ी और करनाल शामिल है। इन सभी की गिरफ्तारी के बाद सीबीआई ने सभी सात आरोपितों को कोर्ट में पेश कर सात दिन की रिमांड पर ले लिया। सीबीआइ ने सब इंस्पेक्टर पद की भर्ती में हुई धांधली की जांच तीन अगस्त को जम्मू कश्मीर सरकार के कहने पर शुरू की थी। इस मामले में अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। अब गिरफ्तार लोगों की संख्या 22 हो गई है। जम्मू कश्मीर सरकार ने पुलिस में सब इंस्पेक्टर पद की भर्ती में धांधली के आरोपों के बाद इस भर्ती प्रक्रिया को रद कर दिया था। आने वाले दिनों में सीबीआइ इस मामले में कुछ और लोगों की गिरफ्तारी करने की बात कह रही है।

## जी-20 शिखर सम्मेलन में मोदी होंगे शामिल, करेंगे इंडोनेशिया का दौरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ळ-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया दौरे पर जाएंगे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, श्पीएम मोदी 17वें ळ-20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए 14 से 16 नवंबर तक इंडोनेशिया के बाली का दौरा करेंगे।श उन्होंने बताया कि खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, स्वास्थ्य और डिजिटल ट्रांसफार्मेशन सहित जी-20 शिखर सम्मेलन के एजेंडे के हिस्से के रूप में तीन कार्य सत्र आयोजित किए जाएंगे।भारत एक दिसंबर को मौजूदा अध्यक्ष इंडोनेशिया से इस शक्तिशाली समूह की अध्यक्षता ग्रहण करेगा। जी 20 ग्रुप विश्व की प्रमुख विकसित और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं का एक अंतर सरकारी मंच है।



## उत्तराखंड में पहाड़ों ने ओढ़ी बर्फ की चादर, बदरीनाथ में हुई बर्फबारी

**देहरादून।** चमोली स्थित बदरीनाथ धाम, पिथौरागढ़ व बागेश्वर समेत हिमालय की ऊंची चोटियों में ताजा बर्फबारी हुई है। बदरीनाथ धाम में दो इंच तक बर्फ जमी है। इससे ठंडक बढ़ गई। बर्फबारी के चलते बदरीनाथ धाम में दो इंच से अधिक बर्फ जम गईं है। बर्फबारी के बाद बदरीनाथ धाम का नजारा बेहद खूबसूरत हो गया है। वहीं, हिमपात से बदरीनाथ धाम में कड़के की ठंड पड़ रही है। बदरीनाथ धाम आए यात्री इस बर्फबारी से बेहद उत्साहित है। लाइव बर्फबारी देखकर बहुत खुश हुए। तीर्थयात्रियों ने कहा कि ऐसा लग रहा कुदरत बदरीनाथ धाम में सफेद फूल से भगवान बदरी विशाल का श्रृंगार कर रहा हो। पर्यटकों ने कुदरत के इस खूबसूरत नजारे को अपने कैमरों में भी कैद किया।

उत्तराखंड में एक बार फिर पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से वर्षा व बर्फबारी का क्रम जारी रहेगी। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर व पिथौरागढ़ में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।3500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाली चोटियों पर हिमपात हो सकता है। अन्य जनपदों में बादल छाये रहने से हल्की वर्षा की संभावना है। अधिकतम तापमान में पांच से छह डिग्री सेल्सियस की कमी आने का अनुमान है।

## भाजपा शासित उत्तराखंड में बाबा रामदेव को बड़ा झटका, 5 दवाओं के उत्पादन पर रोक



**देहरादून।** भ्रामक विज्ञापनों का हवाला देते हुए आयुर्वेद और यूनानी लाइसेंस अथरिटी, उत्तराखंड ने पतंजलि के उत्पादों को बनाने वाले दिव्य फार्मेसी को 5 दवाओं का उत्पादन रोकने को कहा है। ब्लड प्रेशर, डायबिटीज, गइटर (घेघा), ग्लूकोमा और हाई कलेस्ट्रल के इलाज में इन दवाओं का इस्तेमाल किया जाता है। इनका नाम है बीपीग्रिट, मधुग्रिट, थाइरोग्रिट, लिपिडोम और आईग्रिट गोल्ड।

केरल के एक डक्टर केवी बाबू ने जुलाई में शिकायत की थी। उन्होंने पतंजलि के दिव्य फार्मेसी की ओर से ड्रग्स एंड मैजिक रेमिडीज(अब्जेक्शनेबल अडवर्टाइजमेंट) ऐक्ट 1954, ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक ऐक्ट 1940 और ड्रग्स एंड कस्मेटिक रूल्स 1945 के बार-बार उल्लंघन का आरोप लगाया था। बाबू ने राज्य के लाइसेंसिंग अथरिटी (एसएलए) को 11 अक्टूबर को एक बार फिर ईमेल के जरिए शिकायत भेजी।

ऑथरिटी ने पतंजलि को फर्मुलेशन शीट और लेबल में बदलाव करते हुए सभी 5 दवाओं के लिए फिर से मंजूरी लेने को कहा है। आदेश में कहा गया है कि कंपनी संशोधन के लिए मंजूरी लेने के बाद ही दोबारा उत्पादन शुरू कर सकती है। दिव्य फार्मेसी को भेजे गए लेटर (जिसकी एक कपी एचटी के पास है) में जइंट डायरेक्टर और ड्रग कंट्रोलर डा. जीसीएन जंगपांगी ने कंपनी को मीडिया स्पेस से तुरंत भ्रामक और आपत्तिजनक विज्ञापनों को हटाने को कहा है।

भविष्य में स्वीत विज्ञापन ही चलाने की सलाह देते हुए उत्पादन लाइसेंस वापस लिए जाने की चेतावनी दी गई है। अथरिटी ने इस मुद्दे पर कंपनी से एक सप्ताह में जवाब भी मांगा है।

स्टेट अथरिटी ने जिला आयुर्वेदिक और यूनानी अफिसर को कंपनी में विजिट करने और एक सप्ताह के भीतर विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा है। पतंजलि के प्रवक्ता एसके तिजारावाला ने कहा कि उन्हें स्टेट लाइसेंसिंग अथरिटी से अभी ऐसा कोई लेटर नहीं मिला है।

ऐसा होने पर ही कोई कमेंट कर सकते हैं। उन्होंने एचटी से कहा, हमने सिर्फ मीडिया में लेटर के बारे में पढ़ा है। लेकिन कोई पुष्टि नहीं है, क्योंकि हमें यह नहीं मिला है। दिव्य फार्मेसी को लेटर भेजने वाले डा. जीसीएन जंगपांगी ने कई बार प्रयास के बावजूद फोन कल का जवाब नहीं दिया।

## दोषसिद्धि पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी खारिज, उपचुनाव के लिए रास्ता साफ



**रामपुर , एजेंसी।** नफरती भाषण देने के मामले में लोअर कोर्ट के फैसले पर स्टे के लिए आजम खां की अर्जी को बृहस्पतिवार को एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) कोर्ट ने खारिज कर दिया है। साथ ही कोर्ट ने अभियोजन को शुक्रवार को आजम खां की अपील पर आपत्ति दाखिल करने के आदेश दिए हैं। आजम खां की अपील पर अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी।

सपा नेता आजम खां को 27 अक्तूबर को रामपुर की एमपी-एमएलए (मजिस्ट्रेट ट्रायल) कोर्ट ने नफरती भाषण देने के मामले में दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद और छह हजार रुपये जुर्माना अदा करने की सजा सुनाई थी। कोर्ट से तीन साल की सजा मिलने के बाद अगले दिन 28 अक्तूबर को उनकी विधायकी रद्द कर दी गई थी और रामपुर विधानसभा सीट को रिक्त घोषित कर दिया। इसके बाद चुनाव आयोग ने 05 नवंबर को रामपुर विधानसभा पर उप चुनाव कराने का एलान कर दिया था।

उप चुनाव के लिए गजट अधिसूचना 10 नवंबर को जारी होनी थी। उप चुनाव के नामांकन पत्र दाखिल करने का कार्य भी 10 नवंबर से शुरू होना था। इस बीच सपा नेता आजम खां ने 07 नवंबर को सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर दाखिल की थी। जिसमें उन्होंने सरकार की मंशा और चुनाव की प्रक्रिया पर सवाल उठाए थे। जिस पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ में सुनवाई हुई। बुधवार को ही आजम खां ने सेशन कोर्ट में निचली अदालत के फैसले के खिलाफ अपील की थी।

सुप्रीम ने कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि आजम खां की ओर से लोअर कोर्ट की सजा के खिलाफ सेशन कोर्ट में जो अपील दाखिल की है उसके स्टे प्रार्थनापत्र पर बृहस्पतिवार (10 नवंबर) को ही सुनवाई कर फैसला दिया जाए। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद बृहस्पतिवार को विशेष न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए (सेशन ट्रायल) आलोक दुबे की कोर्ट में आजम खां के स्टे प्रार्थनापत्र पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सपा नेता आजम खां के स्टे प्रार्थनापत्र को खारिज कर दिया है।

लोअर कोर्ट की सजा के आदेश को स्थगित करने लिए आजम खां की ओर से सेशन कोर्ट अर्जी लगाई गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने आजम खां की अर्जी को खारिज कर दी है।

**अमरनाथ तिवारी,**
**अभियोजन अधिकारी**

कोर्ट ने हमारे स्टे प्रार्थनापत्र को खारिज कर दिया है। अभी हमें आदेश की कपी नहीं मिली है। आदेश की कपी अध्ययन करने के बाद ही कोई अगला कदमउठाया जाएगा।

**विनोद शर्मा अधिवक्ता,**
**बचाव पक्ष**

## मेटा की छंटनी ने ढाया कहर, ज्वाइनिंग के दो दिन बाद ही चली गई नौकरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पिछले कुछ दिनों में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा और ट्विटर में बड़े पैमाने पर कर्मचारियों की टंटनी की गई है। दोनों कंपनियों में छटनी की वजह से कई भारतीयों को भी अपनी नौकरी से हाथ धोना पड़ा है। मार्क जुकरबर्ग के नेतृत्व वाली कंपनी मेटा ने तो एक झटके में ही 11000 से अधिक कर्मचारियों को निकालने का फरमान जारी कर दिया। मेटा में जिन कर्मचारियों की टंटनी की गई है उनमें एक भारतीय युवा हिमांशु वी भी शामिल हैं। हिमांशु पर दुखों का पहाड़ इस कदर टूटा है कि उनकी ज्वाइनिंग के ठीक दो दिन बाद ही उनको नौकरी से हटा दिया गया है।नौकरी से निकाले जाने के बाद हिमांशु ने लिंक्डइन पर अपना दुखा साझा किया है और बताया कि उनके साथ जो हुआ उससे वो क्यों हैरान और परेशान हैं। हिमांशु ने बताया है कि वो मेटा को ज्वाइन करने के लिए कनाडा गए और अफिस ज्वाइन किया, लेकिन ठीक दो दिन बाद ही मेटा के साथ उनकी यात्रा समाप्त हो गई क्योंकि वो बड़े पैमाने पर टंटनी का शिकार हो गए।

## राहुल गांधी ने क्यों बंद कर दिया अपना माइक

### भारत जोड़ो यात्रा का वाकया: संसद का दिया एग्जांपल



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल गांधी ने कुछ ऐसा किया, जिसे देख वहां मौजूद लोग भी हंस पड़े। असल में लोगों को संबोधित करते-करते राहुल गांधी ने अपना माइक बंद कर दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि जब संसद में विपक्ष मुद्दों पर बात की जाती है तो इसी तरह से माइक बंद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि जब हम बोलते हैं तो भाजपा सरकार असहज हो जाती है। राहुल ने कहा कि जब हम नोटबंदी पर बोलते हैं तो माइक बंद कर दिया जाता है।

राहुल गांधी ने यह बात महाराष्ट्र के नांदेड़ में भारत जोड़ो यात्रा के चौथे दिन कही। राहुल गांधी ने इसके कुछ देर बाद माइक अन कर दिया। इसके बाद उन्होंने कहा कि यहां तो माइक पर मेरा कंट्रोल है, लेकिन संसद में ऐसा नहीं होता है। वहां पर हमारा माइक बंद कर दिया जाता है। इसके बाद हम बस हैरान होते रहते हैं कि आखिर हुआ क्या? राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि चीन की आर्मी आई और 2000 स्क्वयर किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लेती है-माइक अफ। उन्होंने कहा कि किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम क्या कह रहे हैं, कोई इसको सुनने वाला भी नहीं है। महाराष्ट्र में अपने भाषण के दौरान राहुल गांधी ने 2016 में नोटबंदी के फैसले को एक बार फिर कटघरे में खड़ा किया। इतना ही नहीं, बुधवार रात कांग्रेस सांसद ने टाटा-एयरबस मिलिट्री एयरक्राफ्ट वेंचर्स और वेदांता फक्सकन सेमीकंडक्टर प्लांट के महाराष्ट्र से गुजरात चले जाने पर भी सवाल उठाए थे। बाद में राहुल गांधी ने ट्वीट भी किया।

## गेहूं की अगेती प्रजाति की बुआई में जुटे किसान



**रुड़की।** नवंबर माह में किसान गेहूं की अगेती प्रजाति की बुआई करने में जुट गए हैं। पोपुलर उगाने वाले किसान भी गेहूं की अच्छी पैदावार लेने के लिए अगेती फसल के लिए बुआई कर रहे हैं। भगवानपुर क्षेत्र के आठ-दस गांवों में सौ एकड़ से अधिक भूमि के रकबे में किसान गेहूं की अगेती फसल प्रजाति की बुआई कर चुके हैं। छांगामजरी के किसान अनूप सिंह ने बताया कि गांव में पिछले दो दिनों से गेहूं बुआई का काम चल रहा है। सिंचाई के बाद कुछ किसान अभी भी गेहूं बुआई के लिए खेतों को तैयार करने में लगे हैं। बताया कि गांव के कई किसानों ने पोपुलर उगाने के साथ गेहूं की पैदावार लेने के लिए 50 एकड़ से अधिक भूमि में अभी तक बुआई की है। नागल पलुनी के किसान ा षीपाल ने बताया कि पोपुलर के साथ गेहूं की पैदावार लेने के लिए अगेती प्रजाति की बुआई ही लाभकारी है। उन्होंने बताया कि पोपुलर के साथ की अगेती की बुआई 4 से 5 कुंतल गेहूं की पैदावार ली जा सकती है। जिस कारण नवम्बर माह के शुरू में ज्यादातर किसान पोपुलर की फसल के साथ गेहूं की अगेती प्रजाति की बुआई कर रहे हैं। उनका कहना है कि 50 एकड़ से अधिक भूमि में अभी तक गेहूं की अगेती प्रजाति की बुआई किसान कर बंदाखेड़ी के किसान पवन ने बताया कि क्षेत्र के लघु षकों ने भी पोपुलर व यूकेलिप्टिस खेतों में लगाया हुआ है। उक्त किसान सब्जी फसल के साथ अब इन खेतों में ही अगेती गेहूं बुआई में जुटे किसान गेहूं की बुआई भी कर रहे है। जिससे 40 एकड़ से अधिक रकबे में लघु षक भी गेहूं प्रजाति डब्लू 222 की बुआई किए हुए है। भगवानपुर षि ईकाई प्रभारी दिनेश सिंह ने बताया कि भगवानपुर क्षेत्र के आस पास खेतों में अधिकांश किसानों ने पोपुलर उगाया हुआ है। पोपुलर के साथ गेहूं की अच्छी पैदावार लेने के लिए अगेती प्रजाति की बुआई ही किया जाना जरूरी है। क्योंकि पटेती प्रजाति की बुआई करने से फसल पकने के समय मार्च माह में पोपुलर के पेड़ों से पतझड़ होना शुरू हो जाता है। नतीजतन गेहूं की उचित पैदावार नहीं हो पाती है। जिस कारण क्षेत्र में किसान गेहूं की अगेती प्रजाति की बुआई कर रहे हैं।

## कुएं में गिरने से दो युवकों की मौत, परिजनों में मचा कोहराम

**मीरजापुर ,एजेंसी।** बीती देर रात को विंध्याचल स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित कुएं में गिरने से दो युवकों की मौत हो गई है। जानकारी के अनुसार थाना विंध्याचल क्षेत्रांतर्गत जितेन्द्र उर्फ मैनेजर पुत्र गुलाब निवासी घमहापुर 19 वर्ष व मिथुन वर्मा पुत्र दुर्गा प्रसाद वर्मा निवासी बंगाली चौराहा 22 वर्ष जो सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विंध्याचल परिसर में स्थित कुएं में बीती रात गिर गये।

# लंबित वादों के निराकरण और राजस्व वसूली में तेजी लाएं : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी ने तहसील रुद्रप्रयाग, ऊखीमठ, जखोली व बसुकेदार में दो वर्ष से पुराने लंबित वादों व प्रकरणों की जानकारी लेने के साथ ही राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी को निर्देश दिए कि इसमें किसी भी प्रकार से शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दैवी आपदा से प्रभावित किसी परिवार का विस्थापन एवं पुनर्वास किया जाना है तो इसमें प्राथमिकता से कार्यवाही करें। उन्होंने विभिन्न स्तर पर लंबित ऑडिट आपत्तियों एवं पेंशन प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने, राजस्व वसूली में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार से होटलों, ढाबों एवं रेस्टोरेंटों में



किसी प्रकार से घरेलू सिलेंडरों का उपयोग न हो।

जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में राजस्व एवं प्रशासनिक अधिकारियों की मासिक समीक्षा बैठक जिला कार्यालय एनआईसी कक्ष में संपन्न हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने जिला कार्यालय व तहसील स्तर पर लंबित वादों की जानकारी लेते हुए उनके निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने तहसील स्तर पर जारी होने किए जाने वाले प्रमाण-पत्रों को समय से जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही सेवा का अधिकार के तहत अभ्यर्थियों को नियमानुसार निर्धारित तिथि तक सेवा उपलब्ध कराएं। उन्होंने आबकारी अधिकारी को कच्ची शराब के विरुद्ध छापेमारी की कार्यवाही करने, जिला पूर्ति अधिकारी को खाद्यान्न आपूर्ति सहित रसोई गैस, ईंधन आदि की व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों के खाद्यान्न उपलब्धता एवं वितरण के संबंध में औचक निरीक्षण करने, जिला खनन अधिकारी को उप खनिज क्षेत्रों के लिए रिवर ट्रैनिंग हेतु प्राप्त प्रस्तावों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुए टेंडर प्रक्रिया पर यथोचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल, जखोली परमानंद राम, ऊखीमठ जितेंद्र वर्मा, पुलिस उपाधीक्षक प्रबोध कुमार घिल्डियाल, जिला आबकारी अधिकारी दीपाली शाह, तहसीलदार रुद्रप्रयाग मंजू राजपूत, ऊखीमठ दीवान सिंह राणा, जिला बचत अधिकारी सूरत लाल आदि मौजूद रहे।

## गोर्खालैंड की मांग को लेकर पीएम को ज्ञापन भेजा

देहरादून। भारतीय गोर्खा परिसंघ शाखा दून के तत्वावधान में विभिन्न गोर्खा संगठन के प्रतिनिधियों ने परिसंघ अध्यक्ष कर्नल जेके छेत्री (अप्रा.) की अध्यक्षता मे गुरुवार को जिलाधिकारी से भेंट कर अलग गोर्खा राज्य(गोर्खा लैण्ड) की स्थापना का मुद्दा उठाया। संगठन ने कहा कि यह 115 वर्ष पुरानी मांग है। जिसके लिए गोर्खा संगठन लगातार प्रयास कर रहे हैं। समुदाय का पीएम नरेन्द्र मोदी को सम्बोधित हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन डीएम को सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल में गोर्खाली सुधार सभा अध्यक्ष पदम सिंह थापा, कर्नल डीएस खड़का(अप्रा.), कर्नल संजीव थापा (अप्रा.), उपासना थापा, कमला थापा, गोविन्द पंथी, नीरज थापा, देविन शाही, मधुसुदन शर्मा, शमशेर सिंह थापा, सीके राई, विशाल थापा, सृजना राई आदि शामिल रहे।



## सीएम धामी ने किया मुख्यमंत्री आवास परिसर में बुरांश के पौधे का रोपण

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री आवास परिसर में राजकीय वृक्ष बुरांश के पौधे का रोपण किया। सामान्यतः बुरांश ऊंचाई वाले स्थानों पर पाया जाता है। पहली बार मुख्यमंत्री आवास परिसर में बुरांश के पौधे का रोपण किया गया है। राजकीय उद्यान सर्किट हाऊस में भी मुख्यमंत्री के निर्देशों पर बुरांश के पौध रोपण किये गये हैं।

# अखिल गढ़वाल सभा का दस दिनी कौथिग आज से

देहरादून। अखिल गढ़वाल सभा कौथिग का आयोजन शुक्रवार से 20 नवंबर तक किया जाएगा। कौथिग का उद्घाटन सीएम पुष्कर सिंह धामी करेंगे। यह आयोजन रेसकोर्स स्थित गुरु नानक बालिका इंटर कालेज खेल मैदान में किया जा रहा है। दून में हुई एक प्रेसवार्ता में अखिल गढ़वाल सभा अध्यक्ष रोशन धस्मान, महासचिव गजेन्द्र भंडारी, सांस्कृतिक सचिव पंडित उदयशंकर भट्ट, प्रचार सचिव अजय जोशी, निर्मला बिष्ट ने बताया कि 10 दिवसीय महोत्सव में उत्तराखंडी गीत संगीत, संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। इसकी शुरूआत गांधी पार्क से सुबह दस बजे सांस्कृतिक सद्भावना रैली से होगी। दो बजे रेसकोर्स में मेले का उद्घाटन होगा। इस बार के विशेष आकर्षणों में पहले दो दिन उत्तराखंड के लोक नृत्यों के साथ उत्तराखंडी वेशभूषा प्रतियोगिता रहेगी। इस बार 13 नवंबर और 19 नवंबर को उत्तर-खण्ड के सुप्रसिद्ध लोकगायकों की गीत संध्या–रमछोल भी होगी। 14 नवंबर को हिमालयी राज्यों के आकर्षक लोकनृत्य और 15 को गढ़वाली कवि सम्मेलन होगा। 16 नवंबर को 2 वर्गों में आयोजित गीत–लोकगीत प्रतियोगिता का फाइनल होगा। 17 को दिव्यांग लोक कलाकारों की प्रस्तुति शाम के समय मुख्य मंच पर होगी। उसी शाम को उतराखण्ड की पांच विभूतियों को गढ़ गौरव सम्मान दिया जाएगा। जिनमें पद्मप्रीतम भरतवाण, डा.विजय धस्माना, कमल घनशाला, डा.डीआर पुरोहित, डा. जयंत नवानी शामिल हैं। 20 को दिन में चक्रव्यूह लोक नाट्य का मंचन, शाम के सत्र में लोकनाट्य मुख जात्रा व नंदा की कथा का मंचन देखने को मिलेगा। इसके अतिरिक्त डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों की लोकनृत्य प्रतियोगिता भी आयोजित होगी। सुबह के कार्यक्रमों में चक्रव्यूह नाटक, निजी स्कूली छात्रों की गढ़वाली समूहगान प्रतियोगिता, चित्रकला प्रतियोगिता होगी। सुबह के सत्र में दो दिन उत्तराखंड के विविध लोकवाद्य यंत्रों की प्रस्तुति और 18 नवंबर को सामूहिक प्रदर्शन होगा। कौथिग के दौरान पर्वतीय भोजन, व्यंजन, उत्तराखंडी साहित्य, पर्वतीय हस्तकला, उत्पादों की भी प्रदर्शनी लगेगी। मौके पर विधि सचिव अव्वल सिंह नेगी, हेमचंद्र सकलानी, दिनेश बौड़ाई, मोहन खत्री, कुसुम लता शर्मा, उदयवीर पंवार मौजूद थे।

## चालक की सूझबूझ से हादसा टला

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर तोताघाटी के पास बस चालक की सूझबूझ से बड़ी दुर्घटना होने से टल गयी। बस के ब्रेक फेल होने की स्थिति में चालक ने बस को पहाड़ी से टकरा दिया। जिससे बस सड़क पर पलट गई।

बस में करीब 30 यात्री मौजूद थे। गुरुवार दोपहर रुद्रप्रयाग से हरिद्वार जा रही विश्वनाथ बस सेवा के ब्रेक अचानक तोताघाटी के पास फेल हो गए। बस चालक ने सूझबूझ का परिचय देते हुए पहाड़ी की ओर मोड दिया, जिससे बस नीचे खाई में गिरने से तो बच गई, लेकिन तेज गति होने के चलते बस सड़क पर ही पलट गई। हाईवे पर गुजर रहे अन्य यात्रियों ने बस में फंसे यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला।

# सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने एवं थूकने पर होगी सख्त कार्यवाही

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी ने पीएम स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वानिधि) योजना की समीक्षा की। उन्होंने फुटपाथ पर दुकान लगाने वाले पथ विक्रेताओं को निर्धारित लक्ष्य के अनुसार ऋण उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि बैंकों में लंबित आवेदन का तत्काल निस्तारण करें।

डीएम ने सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा फेंकने, थूकने एवं पॉलीथीन उपयोग करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने, डोर-टू-डोर कूडा कलेक्शन एवं सेग्रिगेशन करते हुए कूड़ा उठान व कम्पोस्ट संबधी रिपोर्ट प्रतिदिन उपलब्ध कराने को कहा।

जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सभी अधिशासी अधिकारियों की बैठक लेते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) और पीएम स्वानिधि योजना की प्रगति समीक्षा की।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम आवास योजना (शहरी) के अन्तर्गत लिंटल एवं रूफ लेवल पर निर्माणाधीन आवासों को 30 नवंबर तक पूर्ण कराये। फाउन्डेशन लेवल पर निर्माणाधीन आवासों को दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। ड्रॉप आउट लाभार्थियों के नाम व मोबाइल नंबर सहित सूची उपलब्ध करें। धनराशि के अभाव में जिन आवासों का काम रूका हुआ है, उनकी सूची तत्काल उपलब्ध करें। ताकि शासन को डिमांड उपलब्ध कराई जा सके।

उन्होंने सभी अधिशासी अधिकारियों को पीएम आवास निर्माण कार्यों की रेग्यूलर मॉनिटरिंग करते हुए इसमें तेजी लाने के सख्त निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जिले में स्वीकृत 1540 पीएम आवास में से 991 आवास पूर्ण हो गए है और 489 आवास विभिन्न स्तरों पर निर्माणाधीन है और 60 लाभार्थी आवास नहीं बनाना चाह रहे है। पीएम स्वानिधि में 246 लक्ष्य के सापेक्ष 169 स्ट्रीट वेंडर्स को ऋण आवंटित कर लिया गया है। बैठक में अपर जिलाधिकारी डा. अभिषेक त्रिपाठी सहित सभी अधिशासी अधिकारी मौजूद थे।

## नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का हुआ स्वागत

ऋषिकेश। भाजपा संगठन के ऋषिकेश जिले के नवनियुक्त अध्यक्ष रविंद्र राणा गुरुवार को डोईवाला पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया। जिलाध्यक्ष रविंद्र राणा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही नारा है सबका साथ, सबका विकास। भाजपा के कार्यकर्ताओं में कोई छोटा–बड़ा नहीं होता। भाजपा की करनी और कथनी में कोई फर्क नहीं है।

इसलिए पार्टी सभी को साथ लेकर आगे बढ़ती है। संस्कार भारती नगर अध्यक्ष ईश्वर चंद्र अग्रवाल ने कहा कि भाजपा एक परिवार की तरह है। यहां एक मामूली कार्यकर्ता को कभी भी कोई बड़ा दायित्व मिल जाता है।

### एक नजर

## श्रीयंत्र टापू के शहीदों को राज्य आंदोलनकारी मंच ने दी श्रद्धाजंलि

देहरादून। उत्तराखण्ड राज्य आंदोलनकारी मंच ने श्रीयंत्र टापू के शहीदो को याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मंच के प्रदेश अध्यक्ष जगमोहन सिंह नेगी व प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप कुकरेती ने कहा कि पृथक उत्तराखण्ड राज्य की मांग को लेकर श्रीनगर गढ़वाल में श्रीयंत्र टापू पर धरना दे रहे राज्य आंदोलनकारियों पर तत्कालीन सरकार ने जिस प्रकार लाठी चार्ज से लेकर गोली चलाने के आदेश दिए। वह दुर्भाग्यपूर्ण था।

शहीद स्मारक में हुई सभा में वेदानन्द कोठारी व भानू रावत ने कहा कि पुलिस ने रात को जिस प्रकार पकड़ धकड़ शुरू कर, लाठी चार्ज किया। उससे राज्य आंदोलनकारियों में भगदड़ मच गई थी। कुछ आंदोलनकारी नदी में कूद गए। जिसमें से कुछ पार कर गए और कुछ नदी में बह गए। इस श्रीयंत्र टापू (श्रीनगर गढ़वाल) काण्ड में यशोधर बेंजवाल एवं राजेश रावत शहीद हुए थे। ओमी उनियाल, जयदीप सकलानी ने कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि उन शहादतो के प्रति जरा भी संवेदनशील नहीं है। श्रद्धा सुमन देने वालो में जगमोहन सिंह नेगी, रामलाल खंडूड़ी, जयदीप सकलानी, सुरेश नेगी, सुमित थापा, सुमन भंडारी, मोहन रावत, लोक बहादुर थापा, बलबीर नेगी, विरेन्द्र गुसाई, विरेन्द्र सकलानी, राजेश पांथरी आदि मौजूद थे।

## फाइनल में भिड़ेंगे हिम ज्योति और आर्मी पब्लिक स्कूल

देहरादून । जान जे सुखिया मेमोरियल वॉलीबॉल टूर्नामेंट का बालिका वर्ग फाइनल हिम ज्योति और आर्मी पब्लिक स्कूल के बीच होगा।

वहीं, बालक वर्ग के फाइनल में हेरिटेज और प्रेजिडेंसी स्कूल आमने–सामने होंगे। हेरिटेज स्कूल में खेले जो रहे टूर्नामेंट में गुरुवार को सेमीफाइनल के मुकाबले हुए। बालिका वर्ग में आर्मी पब्लिक स्कूल ने प्रेजिडेंसी इंटरनेशनल को 15–03, 15–06 से हराया। इसी तरह हिम ज्योति स्कूल ने हेरिटेज स्कूल 15–09,15–05 के अंतर से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

# एनएचएम कर्मचारियों ने नौ सूत्रीय मांग पत्र की प्रतियां जलाई

नई टिहरी : एनएचएम कर्मचारियों ने नौ सूत्रीय मांगों के निस्तारण न होने पर विरोध जताया। कर्मचारियों ने सीएमओ दफ्तर के मुख्य गेट पर नारेबाजी कर नौ सूत्रीय मांग पत्र की प्रतियां जलाई। उन्होंने सरकार से सभी मांगों पर जल्द उचित कार्यवाही की मांग की है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत संविदा कर्मचारियों ने गुरुवार को लंबित नौ सूत्रीय मांगों के निस्तारण न होने गहरा रोष जताया है। संगठन की जिला सचिव देवंती डबराल ने कहा कि कोविड काल में एनएचएम कर्मचारियों ने उच्च मनोबल से कार्य किया, जिस पर सीएम धामी ने कर्मियों को दस हजार रुपये का प्रोत्साहन राशि दिये जाने की घोषणा की थी, लेकिन अभी तक प्रोत्साहन राशि नहीं मिल पाई है। उन्होंने हरियाणा सरकार की तर्ज पर वेतनमान देने, कर्मचारियों को सामूहिक हेल्थ इंश्योरेश की सुविधा देने, सेवा काल के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर उसके परिवार को उचित आर्थिक सहायता देने के साथ परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा के आधार पर नौकारी देने,



एनएचएम कर्मियों की वेतन विसंगति प्रकरण को लेकर समिति का गठन करने, कर्मियों के वार्षिक वेतन में पांच प्रतिशत के स्थान पर दस प्रतिशत तक वृद्धि करने सहित नौ सूत्रीय मांगों ने निस्तारण की मांग है। उन्होंने कहा कर्मचारी लंबे समय से मांगों के निराकरण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों का समाधान नहीं कर रही है। विरोध जताने वालों में ओम प्रकाश रमोला, सुरेंद्र थलवाल, अनिल बिजल्वाण, कमला तोपवाल,दर्मियान रावत, विजय लक्ष्मी उनियाल, अर्जुन सिंह, रेखा, कनिष्का काला, प्रवीन सत्ती, दीपक चौहान आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)

## राघव विहार स्मिथनगर में दो दिन से पेयजल संकट

देहरादून। राघव विहार स्मिथनगर ओवरहेड टैंक का वाल्व खराब होने के कारण स्मिथनगर की सड़कों पर पिछले दो दिनों से पानी लीक होने से इलाके में पानी का संकट हो गया है। लोगों द्वारा संकट समाधान न करने पर जब लोगों द्वारा ईई कार्यालय में धरने की चेतावनी दी गई। तब जाकर पेयजल निगम ने इसकी सुध ली। शिकायत निवारण समिति मेंहूवाला क्लस्टर पेयजल योजना के सदस्य वीरू बिष्ट ने बताया कि 2 दिन पहले राघव विहार स्मिथनगर ओवरहेड टैंक का वाल्ब खराब हो गया था। जिसकी वजह से राघव विहार स्मिथनगर की सड़कें तालाब में तब्दील हो गई।

# बुजुर्ग से मारपीट कर नौकर दो लाख नहीं 60 हजार लेकर गया था

देहरादून। वसंत विहार क्षेत्र में बुजुर्ग से मारपीट कर नौकर दो लाख रुपये नहीं, 60 हजार लेकर भागा था। आरोपी गिरफ्तार हुआ तो यह सच्चाई सामने आई। इसके बाद पीड़ित ने भी स्वीकार किया केस उन्होंने रकम बढ़ाकर लिखवा दी थी।

इसकी पुष्टि वसंत विहार थानाध्यक्ष होशियार सिंह ने की। एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने गुरुवार को प्रेस वार्ता कर घटना के खुलासे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सात नवंबर को चंद्रपाल सिंह निवासी साईंलोक कॉलोनी, फेस दो, वसंत विहार की तहरीर पर केस दर्ज किया गया। चंद्रपाल कॉलोनी में किराये के कमरे में रहते हैं। पास में उनका मकान बन रहा है। आरोप है कि घटना के दिन निर्माणाधीन मकान में काम करने वाला नौकर नीरज उफ सत्या आया। आरोप लगाया कि उसने अटैची से दो लाख रुपये निकाले और उनसे मारपीट कर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी को गुरुवार को शास्त्रीनगर से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पुलिस को 60 हजार रुपये बरामद हुए। तब पुलिस ने पीड़ित से पूछताछ की तो उन्होंने इतनी रकम जाने की बात कही। आरोपी नीरज मूलरूप से राधानगर, किशनपुर, भागलपुर का निवासी है। आरोपी ने बताया कि वह काम के दौरान कई पर पीड़ित के घर गया।

# उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

देहरादून। प्रदेश महिला कांग्रेस की ओर से उत्तराखंड की बेटी को न्याय दिलाने के लिए कैंडल मार्च निकाला गया। घंटाघर देहरादून से शुरू कैंडल मार्च में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत भी शामिल हुए। रावत ने कहा कि 2012 में गुड़गांव में दरिंदगी की शिकार उत्तराखंड के बेटी की आत्मा हमसे पूछती होगी आखिर मेरा गुनाहगार कौन है। उन्होंने कहा कि जिस समय यह वीभत्स कांड हुआ, उस समय पीड़ित के भाई–बहन छोटे थे। आज परिवार भावनात्मक रूप से पूरी तरह टूट चुका है। अंकिता भंडारी के परिवार को सरकार ने आर्थिक मदद दी, इसी तरह गुडगांव में दरिंदगी की शिकार उत्तराखंड की बेटी के परिवार को भी मदद मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को कानून के विशेषज्ञों की सहायता ली जानी चाहिए। कार्यक्रम की आयोजक महिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष आशा मनोरमा डोबरियाल शर्मा ने कहा कि हम अदालत का सम्मान करते हैं। लगता है कि पुलिस ने कहीं न कहीं सबूतों को न्यायालय में ठीक से नहीं रखा। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी राज्य सरकार से न्यायिक विकल्पों को तलाशने की मांग की। कार्यकारी महानगर अध्यक्ष डा. जसविंदर सिंह गोगी, महेंद्र नेगी गुरुजी, शीशपाल बिष्ट, नजमा खान, निसान परवीन, आशा टमटा, जायसवाल, ओमप्रकाश सती, मनोज नौटियाल, गुलजार अहमद, शरीफ बेग आदि मौजूद रहे।

## बच्चों को कचरे से खिलौने बनाने की जानकारी दी

देहरादून। मिनिस्ट्री ऑफ हाउसिंग एंड अर्बन अफेयर्स के तहत आमवाला स्थित एमबी होम्स अपार्टमेंट में बच्चों और वहां के निवासियों को कचरे उससे बनाए जाने वाले खिलौनों के बारे में जागरूक किया।

नगर निगम और वेस्ट वॉरियर्स संस्था ने यह संदेश बच्चो के माध्यम से घर–घर पहुंचाने को प्रेरित किया। इस दौरान चित्रकार तनुमिश्रा और शिप्रा की ओर से बनाई गए खिलौनों का प्रदर्शन भी अपार्टमेंट में किया गया। साथ ही चित्रकारी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया।

सहायक नगर आयुक्त विजय सिंह चौहान और चित्रकार अंशु मोहन ने विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

# डीएम अध्यक्षता में हुई मसूरी विन्टरलाईन महोत्सव के आयोजन के संबंध में बैठक

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका की अध्यक्षता में माह दिसंबर के आखरी सप्ताह में आयोजित होने वाले मसूरी विन्टरलाईन महोत्सव के आयोजन के संबंध में ऋषिपर्णा सभागार में बैठक आयोजित की गई। बैठक में विन्टरलाईन महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संबंध में समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों से विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने विन्टरलाईन महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की श्रृखलाओं में प्रतिदिन के कार्यक्रम निर्धारित करने तथा महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों की सूची बनाने तथा कलैण्डरवार कार्यक्रम निर्धारत करने के निर्देश दिए। साथ ही स्टार कलाकारों एवं राज्य के



लोक कलाकारों से संपर्क करते हुए कार्यक्रम में आमंत्रित करने तथा अन्य राज्यों के लोक कलाकारों को भी कार्यक्रम में प्रतिभाग करवाए जाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने विन्टरलाईन महोत्सव में विभिन्न स्थानों पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार करते हुए कार्यक्रम का प्रचार–प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जनभागीदारी के साथ ही स्कूली बच्चों से भी सुझाव प्राप्त करते हुए कार्यक्रम निर्धारित करने तथा स्थानीय उत्पादों सहित अन्य राज्यों के उत्पाद के स्टॉल भी कार्यक्रम में सम्मिलित करने के निर्देश दिए।

# राज्यपाल ने किया राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय, नेशनल रीमोट सेंसिंग सेंटर और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से संवाद

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने वीरवार को राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय, नेशनल रीमोट सेंसिंग सेंटर और भारतीय सर्वेक्षण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ राजभवन में संवाद किया। इस दौरान डिजिटल कार्टोग्राफी से ब्लू इकोनॉमी की तरफ जाने पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। राज्यपाल ने देहरादून में चल रहे 42वें आईएनसीए अंतर्राष्ट्रीय कांग्रेस के लिए अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय जल सर्वेक्षण कार्यालय, भारतीय सर्वेक्षण विभाग और नेशनल रीमोट सेंसिंग सेंटर के अधिकारियों को



तीन संस्थानों को एकीकृत करने के तरीकों का पता लगाना चाहिए, जो समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र, सुरक्षा, योजना, अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे व मानचित्रण की खोज में उपयोग आने वाली तीन प्रौद्योगिकी (हाइड्रोग्राफी, कार्टोग्राफी और रिमोट सेंसिंग) को और एकीकृत करेंगे।

## छात्र संघ चुनाव की तिथि जल्द घोषित की जाए

विकासनगर। वीर शहीद केसरी चंद राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय डाकपत्थर में छात्रसंघ चुनाव कराए जाने की मांग को लेकर छात्रों ने प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में छात्रों ने बताया कि बीते दो साल से महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव नहीं कराए जा रहे हैं। जिससे छात्र संघ चुनाव की तैयारियों में लगे छात्रों में आक्रोश पनप रहा है। कोविड संक्रमण के नाम पर महाविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव प्रक्रिया बंद कर दी गई है, जबकि कोविड संक्रमण के चरमकाल में कई राज्यों में विधान सभा चुनाव कराए जा चुके हैं।

# शिक्षकों को पीएमएफएस खाता संचालन की जानकारी दी

विकासनगर। समग्र शिक्षा अभियान के तहत राजकीय इंटर कॉलेज हरबर्टपुर में आयोजित कार्यशाला में शिक्षकों को पीएफएमएस खाता संचालन की जानकारी दी गई। गुरुवार को मास्टर ट्रेनर परविंदर सैनी ने बताया कि विद्यालयों में संचालित विद्यालय प्रबंध समिति के खाते का संचालन अब सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (पीएफएमएस) के जरिए किया जाएगा। इसके लिए पंजाब नेशनल बैंक में जीरो बैलेंस से खाता खोला जाएगा। प्राथमिक से लेकर माध्यमिक विद्यालयों में यही व्यवस्था लागू होगी। बताया कि पहले किसी भी प्रकार की राशि को सीधे विद्यालय प्रबंधन समिति के खाते के माध्यम से विद्यालय को दी जाती है। इस पीएफएमएस सेवा के तहत अब आवंटन बीआरसी के माध्यम से दिया जाएगा। संबंधित विद्यालय के विद्यालय प्रबंधन समिति राशि व्यय कर बाउचर ब्लॉक संसाधन केंद्र को सौंपेंगे। जिसका भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से होगा। प्रशिक्षण में उपस्थित संबंधित विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापकों को जानकारी दी गई कि वे पीएफएमएस में खर्च का संचालन कैसे कर सकते हैं। प्रशिक्षण शिविर में प्रधानाचार्य अवनींद्र बड़थ्वाल, सत्येंद्र रावत, सीआरसी हरजिंदर सिंह, अनंत सोलंकी, डा. नरेश, सुदर्शन प्रसाद खंडूड़ी, राम नारायण रतूड़ी, नरेश चौधरी आदि मौजूद रहे।

## रंगोली में मेघा तो मेहंदी में प्रियंका ने मारी बाजी

**पौड़ी** : गुरुराम राय पब्लिक स्कूल पौड़ी की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताएं गुरुवार से शुरू हो गईं। छात्र-छात्राओं ने बैडमिंटन, टीटी और शतरंज आदि प्रतियोगिताओं में प्रतिभा दिखाई। रंगोली सीनियर बालिका वर्ग में मेघा, प्राची, शिक्षा, सीनियर वर्ग की मेहंदी प्रतियोगिता में प्रिंयका, शिक्षा, आदिबा ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। बैडमिंटन जूनियर बालिका वर्ग में अशिंका ने पहला, वैष्णवी ने दूसरा और आशुषी ने तीसरा स्थान हासिल किया। सीनियर वर्ग में नीतिका थपलियाल, रीतिका नेगी व महक नैथानी ने क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थानों पर रही। टीटी सीनियर बालिका वर्ग में प्रिंयका, महक नैथानी, नीतिका थपलियाल, शतरंज सीनियर बालिका वर्ग में आंचल रावत, खुशी, नीतिका क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। कैरम प्राइमरी वर्ग की प्रतियोगिता में सार्थक, शिवांशू व अभिशिक्त, बालिका वर्ग में स्नेहा, अनुष्का व तनवी क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इससे पूर्व वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं का शुभारंभ स्कूल के प्रधानाचार्य आरपी ढौंढियाल ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## शिविर में छात्रों के दांतों की जांच की

**श्रीनगर** : मार्शल पब्लिक स्कूल श्रीनगर में रोटरी क्लब की ओर से दंत चिकित्सा, परामर्श शिविर आयोजित किया गया। इस मौके पर दंत रोग विशेषज्ञ डा. केके गुप्ता एवं उनके सहयोग चिकित्सकों ने छात्र-छात्राओं के दांतों की जांच कर उन्हें उपचार व दंत स्वच्छता सबंधी जानकारी दी। विद्यालय के प्रबंधक जैलेश सबरवाल ने रोटरी क्लब का स्वागत कर क्लब के कार्यों की सराहना की। मौके पर क्लब के एसपी घिल्डियाल, डा. राजेंद्र भंडारी, राकेश आहुजा, बृजेश भट्ट, अनिल ढौंडियाल, ओपी गोदियाल, ऊषा चौधरी, दिनेश जोशी, आदि मौजूद रहे।

# मैडम यातायात पुलिस को पढाएं अनुशासन का पाठ

## नवनियुक्त एसएसपी श्वेता चौबे के जनता दरबार में बोले क्षेत्रवासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे के जनता दरबार में क्षेत्रवासियों ने यातायात पुलिस के व्यवहार पर नाराजगी व्यक्त की। क्षेत्रवासियों ने एसएसपी से पुलिस कर्मियों को अनुशासन का पाठ पढ़ाने की अपील की। कहा कि वाहन तलाशी के दौरान पुलिस कर्मी वरिष्ठ नागरिकों से अभद्रता करते हैं। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने एसएसपी को यातायात, अतिक्रमण व अन्य अपराधों से अवगत करवाया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने क्षेत्रवासियों को सभी समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

गुरुवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे की ओर से कोटद्वार कोतवाली में जनता दरबार लगाया गया। जनता दरबार में विभिन्न संगठन व राजनीतिक दलों से जुड़े सदस्यों ने एसएसपी को जनसमस्याओं से अवगत करवाया। जनाधिकार मंच के अध्यक्ष आशाराम ने कहा कि यातायात पुलिस की ओर से शहर में चेकिंग अभियान चलाया जाता है। लेकिन, पुलिस कर्मियों का वाहन चला रहे वरिष्ठ नागरिक व महिलाओं से व्यवहार ठीक नहीं रहता। नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय मित्तल ने गोखले मार्ग को वन-वे बनाए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि पुलिस राष्ट्रीय राजमार्ग के बजाय गोखले मार्ग की संकरी सड़क से यातायात चलवा रही है। इससे हर समय दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। व्यापार मंडल के अध्यक्ष महेंद्र बिष्ट ने पुलिस से शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने की मांग की। कहा कि शहर में पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से कई लोग अपने वाहनों को व्यापारियों की दुकान के बाहर खड़ा कर देते हैं। जिससे व्यापारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसके चक्कर में कई बार व्यापारी व वाहन चालकों के बीच विवाद भी हो चुका है।

इस दौरान क्षेत्रवासियों ने शहर में आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगवाने की भी मांग उठाई। साथ ही बाहर से आने वाले लोगों के सत्यापन की भी मांग की गई। कहा कि बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन को लेकर पुलिस लापरवाह बनी हुई है। वहीं, एसएसपी ने आमजन को जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया।

### पीड़ितों की उमड़ी रही भीड़

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष अपनी परेशानी रखने के लिए कोतवाली में पीड़ितों की भीड़ उमड़ी रही। एसएसपी ने प्रत्येक पीड़ित को समय देते हुए अलग से उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उन्होंने पुलिस अधिकारियों को समस्याओं के जल्द निराकरण के निर्देश भी दिए। कहा कि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सकें इसके लिए पुलिस को गंभीरता से कार्य करना होगा।

### यातायात, अपराध व अन्य समस्याओं से एसएसपी को कराया अवगत

### हर दो माह में लगेगा जनता दरबार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि कोटद्वार गढ़वाल का द्वार है। ऐसे में उनका मुख्य उद्देश्य शहर को अपराध मुक्त बनाना है। कहा कि वह हर दो माह में एक बार कोतवाली में जनता दरबार लगाएंगी। कहा कि कोई भी व्यक्ति उन्हें फोन पर अपनी समस्या से भी अवगत करवा सकता है।



कोटद्वार कोतवाली में जन समस्याएं सुनती एसएसपी श्वेता चौबे

# महिला राजस्व उपनिरीक्षक का पैसे मांगने का ऑडियो वायरल

## प्रमाण पत्र के एवज में कानूनगो को पैसे देने की बात

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** लैंसडौन तहसील में तैनात एक राजस्व उपनिरीक्षक व व्यापारी के बीच पैसे को लेकर बातचीत के दो आडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

वायरल आडियो में किसी प्रमाण पत्र के एवज में कानूनगो को पैसे देने की बात हो रही है। आडियो को लेकर पूरी तहसील में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

गुरुवार को इंटरनेट पर महिला राजस्व उपनिरीक्षक व व्यापारी के बीच पैसो को लेकर बातचीत का आडिया वायरल हुआ। आडियो में राजस्व उपनिरीक्षक प्रमाण पत्र के एवज में कानूनगो को पैसे देने की बात कह रही है। लागतार वायरल हो रहे इस आडियो ने सरकार के भष्टाचार मुक्त प्रदेश की सारी पोल खोलकर रख दी।

### चर्चाओं को मिली हवा

लैंसडौन तहसील में तैनात कर्मियों व भू माफियाओं के मध्य साठगांठ को लेकर पिछले लंबे समय से चर्चा होती आई हैं। गुरुवार को वायरल आडियो में पैसे को लेकर चल रही बातचीत ने इन चर्चा को हवा दे दी है। वायरल आडियो में महिला राजस्व निरीक्षक एक युवक को प्रमाण पत्र जारी करने की एवज में कानूनगो को पैसे देने की बात कह रही है। महिला राजस्व निरीक्षक इस आडियो में युवक को समझा रही है कि तहसील कर्मियों से उनके कई काम पड़ते रहते हैं।

### प्रमाण पत्र बनाने को मांगे तीन हजार

आडियो में राजस्व उपनिरीक्षक व्यक्ति को कानूनगो का फोन फोन उठाने की नसीहत देती सुनाई दे रही है। चर्चा है कि इस व्यापारी से हैसियत प्रमाण पत्र बनाने के नाम पर तीन हजार रुपये मांगे गए। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हो पाई है।

### प्रकरण संज्ञान में आने पर होगी कार्रवाई

इधर, लैंसडौन के प्रभारी उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने मामला संज्ञान में न होने की बात कही। हालांकि, उनका स्पष्ट कहना था कि यदि पैसों के लेन–देन को लेकर कोई बात प्रकाश में आई तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिलाधिकारी को भी पूरे प्रकरण की जानकारी देने की बात कही।

# महिला से अभद्रता करने पर सब्जी विक्रेता को पीटा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गोखले मार्ग में शराब के नशे में महिला से अभद्रता कर रहे एक सब्जी विक्रेता को लोगों ने पीट दिया। मौके पर पहुंची पुलिस सब्जी विक्रेता को पकड़कर कोतवाली ले आई। हालांकि मामले में अब तक किसी भी प्रकार की तहरीर पुलिस को नहीं दी गई है।

गुरुवार को मार्ग पर सब्जी खरीदने पहुंची एक महिला से ठेली पर सब्जी बेच रहे व्यक्ति ने अभद्रता कर कर दी। महिला के विरोध करने पर आसपास मौजूद लोगों ने सब्जी विक्रेता को पकड़कर उसकी पिटाई शुरू कर दी। झंडाचौक पर तैनात पुलिस टीम को जैसे ही घटना की जानकारी मिली वह मौके पर पहुंची और सब्जी विक्रेता को पकड़कर कोतवाली ले आई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि उक्त सब्जी विक्रेता शराब के नशे में धुत था। साथ ही वह आवाजाही करने वाले लोगों को गाली भी दे रहा था।



कोटद्वार के गोखले मार्ग में सब्जी विक्रेता को पकड़कर ले जाती पुलिस

# कोतवाली में महिला शिकायत डेस्क का होगा विस्तार: एसएसपी

## कोतवाली में पत्रकारों से वार्ता करती हुए बोली एसएसपी , नशे के खिलाफ अभियान को गठित की जाएगी विशेष टीम

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वारः** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे ने कहा कि महिला की सुरक्षा व नशे को रोकना उनकी पहली प्राथमिकता है। महिलाओं को समय पर न्याय मिल सकें इसके लिए कोतवाली में महिला शिकायत डेस्क का विस्तार किया जाएगा। उन्होंने शहर में यातायता व्यवस्थाओं को भी बेहतर बनाने का आश्वासन दिया। गुरुवार को कोतवाली में पत्रकारों से वार्ता करते हुए एसएसपी ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि शहर को अपराध मुक्त बनाने पुलिस की पहली प्राथमिकता होती है। पुलिस धरातल पर बेहतर कार्य कर सकें इसके लिए जनता को उसका सहयोग करना चाहिए। कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए विशेष योजना बनाई जाएगी। जहां से शहर में नशे की तस्करी की जा रही उन स्थानों को चिन्हित किया जाएगा। यदी आवश्यकता पड़ी तो इसके लिए उत्तर प्रदेश पुलिस से भी सहयोग की अपील की जाएगी। एसएसपी ने शहर में यातायात सुधार के लिए नगर निगम, राजस्व व अन्य विभागीय अधिकारियों से वार्ता करने का आश्वासन दिया। कहा कि केवल पुलिस की कार्रवाई से शहर में अतिक्रमण या यातायात नहीं सुधर सकता। इसके लिए सभी विभागों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक शेखर सुयाल, पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला आदि मौजूद रहे।



कोटद्वार में पत्रकारों से वार्ता करती वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्वेता चौबे।

## धरा को पेड़ों से सजाएं, पर्यावरण को सुरक्षित बनाएं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः ग्रीन आर्मी देवभूमि उत्तराखंड की ओर से प्रदेश का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

ग्रीन आर्मी देवभूमि उत्तराखंड के अध्यक्ष शिवम नेगी की ओर से स्थापना दिवस के महत्व के बारे में बताया। सचिव ईशा बिष्ट ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व की जानकारी दी। कहा कि बिना पर्यावरण हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। इस मौके पर कोषाध्यक्ष उत्कर्ष नेगी, देवाशीष रावत, आशुतोष, अंकित डोबरियाल, अविनाश नैथानी, संदीप आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत कल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा-निर्देशन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी द्वारा आगामी 12 नवम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन मुख्यालय पौड़ी, कोटद्वार, श्रीनगर, लैंसडौन एवं धुमाकोट में किया जाएगा।

सीनियर सिविल जज/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी अकरम अली ने जानकारी देते हुए बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित फौजदारी शमनीय, 138 एनआई एक्ट के वाद, वैवाहिक वाद, श्रम विवादों से संबंधित मामले, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, धन वसूली वाद, अन्य दिवानी वाद, सेवा संबंधित मामले, राजस्व वाद जो न्यायालयों में लंबित हो, भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामलें, बिजली-पानी बिल संबंधित विवाद सुलह-समझौते के आधार पर निस्ताररित कराये जा सकते हैं।

उन्होंने कहा कि न्यायालयों में अब तक न पहुंचे चैक बाउंस के प्रकरण, बैंक वसूली संबंधित प्रकरण, श्रम संबंधी विवाद, बिजली-पानी बिल संबंधित विवाद, भरण-पोषण वाद व अन्य शमनीय फौजदारी, वैवाहिक व दीवानी वाद भी सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित कराये जा सकते हैं।

# नाटक से विद्यार्थियों को बताया वनों का महत्व




इंटर कालेज कांडाखाल लंगूर में कठपुतली नाटक से विद्यार्थियों को जागरूक करती टीम।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** द हंस फाउंडेशन व वन विभाग की ओर से छात्र–छात्राओं को कठपुतली नाटक से वनों के महत्व के बारे में बताया गया। इस दौरान विद्यार्थियों व शिक्षकों ने वनों की सुरक्षा का संकल्प लिया।

गुरुवार को इंटर कालेज कांडाखाल (लंगूर) में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में विद्यार्थियों को वनों में लगने वाली आग के कारणों के बारे में बताया गया। प्रधानाचार्य सोमप्रकाश कंडवाल नले कहा कि पर्यावरण संरक्षण के बिना हम धरती पर जीवन की कल्पना नहीं कर सकते। वन व पर्यावरण को बचाने के लिए समाज का जागरूक होना आवश्यक है। हंस फाउंडेशन के सतीश बहुगुणा ने कहा कि जंगलों में आग लगने से वायु में प्रदूषण, आक्सीजन की कमी, कार्बन डाईआक्साइड की मात्रा बढ़ती है। जिसका सबसे अधिक नुकसान वन्य जीव जंतु के साथ ही मानव को होता है। इस मौके पर मनोज जोशी, नीलम रावत, आशुतोष बेलवाल, आराधना घिल्डियाल, होशियार सिंह, केशव पाल सिंह, प्रमोद पैन्यूली, संदीप नेगी, पंकज कुकरेती, मनोज तोमर आदि मौजूद रहे।

## एलटी पद पर चयनित अभ्यर्थियों ने दिया धरना, आंदोलन की दी चेतावनी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : सहायक अध्यापक के पद पर चयनित अभ्यर्थियों ने नियुक्ति की मांग को लेकर डीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया।

इस दौरान एलटी चयनित अभ्यर्थियों ने सरकार से जल्द ही नियुक्ति दिए जाने की मांग की। उन्होंने एसडीएम व एडी माध्यमिक को ज्ञापन भी दिया।

जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर धरना देते हुए एलटी पद पर चयनित अभ्यर्थियों ने कहा कि वे पिछले 1 साल से नियुक्ति की मांग कर रहे है लेकिन अभी तक नियुक्ति नहीं मिलने से अथ्यर्थियों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जल्द ही नियुक्ति नहीं मिलने पर उग्र आंदोलन के साथ ही आमरण अनशन किया जाएगा। धरना देने वालो में अनुज नेगी, दीपक शर्मा, विकास, नमिता, सृष्टी, दीपक द्विवेदी आदि शामिल थे।

# चित्रकला में मानवी, निकिता ने मारी बाजी



**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज जानकीनगर कोटद्वार में उत्तराखंड राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर उत्तराखंड पर आधारित चित्रकला एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम संयोजक रोहित बलोदी ने बताया कि चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में कक्षा 8 से मानवी सैनी प्रथम, दीप्ति शर्मा द्वितीय एवं कक्षा 7 से अक्षत सैनी एवं आयुष रावत संयुक्त रूप से तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में कक्षा 10 से निकिता गौड़ प्रथम, सृष्टि लखेड़ा द्वितीय, कक्षा 12 से तमन्ना तृतीय स्थान पर रहे। उत्तराखंड पर आधारित जूनियर स्तर की 50 प्रश्नों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अपर्णा ने 45 अंको के साथ प्रथम, विभूति 41 अंक के साथ द्वितीय एवं मुदित 40 अंक के साथ तृतीय स्थान रहे एवं सीनियर वर्ग में 100 प्रश्नों की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में प्रज्ञा 89 अंक प्रथम, प्रियांशु 85 अंक द्वितीय एवं मोहित नेगी 84 अंक तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राजन शर्मा, राहुल भाटिया सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं आदि उपस्थित रहे।

## तहसील में अतिरिक्त एसडीएम की हो तैनाती

**कोटद्वारः** जन समस्याओं के समय पर निराकरण को जनाधिकार मंच ने कोटद्वार तहसील में अतिरिक्त एसडीएम की तैनाती करवाने की मांग की है। कहा कि एक उपजिलाधिकारी के पास कई कार्य होने से समस्याओं का समय पर निराकरण नहीं हो पा रहा है। समस्या को लेकर जनाधिकार मंच के अध्यक्ष आशाराम ने जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा। उन्होंने कहा कि कोटद्वार को गढ़वाल का द्वार कहा जाता है। यहां की जनसंख्या लगातार बढ़ती जा रही है। कोटद्वार तहसील में दूर–दूर से लोग अपने दस्तावेज बनाने को आते हैं। लेकिन, समय पर कार्य नहीं होने के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई लोगों के जाति प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, स्थाई प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज समय पर नहीं बन पा रहे है। ऐसे में बससे अधिक परेशारी नौकरी के लिए दस्तावेज तैयार करने वाले युवाओं को होती है। कहा कि जनता को समय पर दस्तावेज उपलब्ध हो इसके लिए तहसील में एक अतिरिक्त उपजिलाधिकारी की तैनात की जानी चाहिए।

# बीडीओ ने कहा कि बैठक में आए प्रस्तावों पर जल्द कार्रवाई होगी



रुद्रपुर। ब्लॉक सभागार में गुरुवार को हुई बीडीसी बैठक में बीडीसी सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं अफसरों के समक्ष रखीं। ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर ने कहा कि क्षेत्र के हर गांव तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही लक्ष्य है। प्रधान, बीडीसी व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही आपसी समन्वय बनाकर विकास को गति दी जा रही है।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपनी–अपनी ग्राम व क्षेत्र पंचायतों में सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के करीब 80 प्रस्ताव रखे। बीडीओ ने कहा कि बैठक में आए प्रस्तावों पर जल्द कार्रवाई होगी।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख कमलजीत ने कहा कि सरकार हर गांव के विकास को लेकर तत्पर है। कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। उनका प्रयास सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। इस दौरान बीडीओ प्रेम सिंह डसीला ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाषा पांडेय और बिजली, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग समेत तमाम विभागों के अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में सड़कों के मरम्मतीकरण, बिजली पोल लगवाने, ट्रांसफार्मर बदलने, शक्तिफार्म के गुरुग्राम में सोलर पंप सेट लगवाने समेत करीब 80 प्रस्ताव रखे गए।

ग्राम प्रधानों व बीडीसी सदस्यों ने सभी विभागों के अफसरों के बैठक में नहीं पहुंचने पर नाराजगी जताई। यहां कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के ब्लॉक प्रतिनिधि पलविंदर सिंह औलख, बीडीसी विक्रम भंडार, मनोज घरामी, जोगा सिंह, जसवीर सिंह, कालिंदी देवी, साजेब मलिक, रोशनी देवी, सिसौना के प्रधान कुलदीप सिंह कांबोज, अमरजीत सिंह, एडीओ पंचायत केसी बहुगुणा, एनआरएलएम की बीएमएम सुनीता कश्यप, डीपीओ मनरेगा नीरज जोशी, एडीओ समाज कल्याण गणेश सिंह महर, अपर सहायक अभियंता सत्यपाल सिंह, डिप्टी रेंजर धीरेंद्र पंत मौजूद रहे।

# क्षेत्र के हर गांव तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही लक्ष्य

सितारगंज । ब्लॉक सभागार में गुरुवार को हुई बीडीसी बैठक में बीडीसी सदस्यों व ग्राम प्रधानों ने अपने क्षेत्र की समस्याएं अफसरों के समक्ष रखीं। ब्लॉक प्रमुख कमलजीत कौर ने कहा कि क्षेत्र के हर गांव तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाना ही लक्ष्य है। प्रधान, बीडीसी व अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ ही आपसी समन्वय बनाकर विकास को गति दी जा रही है।

इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने अपनी–अपनी ग्राम व क्षेत्र पंचायतों में सड़क, बिजली व पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं के करीब 80 प्रस्ताव रखे। बीडीओ ने कहा कि बैठक में आए प्रस्तावों पर जल्द कार्रवाई होगी।बैठक की



अध्यक्षता करते हुए ब्लॉक प्रमुख कमलजीत ने कहा कि सरकार हर गांव के विकास को लेकर तत्पर है। कोई भी गांव विकास से अछूता नहीं रहेगा। उनका प्रयास सरकार की योजनाओं को जन–जन तक पहुंचाना है। इस दौरान बीडीओ प्रेम सिंह डसीला ने पिछली बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। वहीं, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अभिलाषा पांडेय और बिजली, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग समेत तमाम विभागों के अधिकारियों ने सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। एजेंसी

## काश्तकारों को दी खेती की जानकारी

अल्मोड़ा। जीबी पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान अल्मोड़ा में उत्तराखंड आजीविका मिशन के तहत अल्मोड़ा, नैनीताल, बागेश्वर और चम्पावत के सीएलएफ सदस्यों के लिए संरक्षित खेती विषय पर तीन दिनी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सात से नौ नवंबर तक चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी जिलों के 30 महिला सीएलएफ सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक और ग्राम्य विकास विभाग भारत सरकार के नोडल अधिकारी ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। कार्यक्रम समन्वयक संस्थान की वैज्ञानिक डॉ. शैलजा पुनेठा ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण में संरक्षित खेती, इसके उपयोग तथा स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर कृषकों की आजीविका बढ़ाने विषय पर कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रतिभागियों को तमाम जानकारियां दीं। प्रशिक्षण के दूसरे दिन कृषि विज्ञान केन्द्र मटेला के प्रभारी वैज्ञानिक प्रो. एसएस सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को संरक्षित खेती की बारीकियां बताईं। उन्होंने विभिन्न सब्जियों की नर्सरी तैयार करने और संरक्षित खेती में उसे उगाने आदि की जानकारियां दीं। तृतीय सत्र में संस्थान में कार्यरत तकनीकी एसोसिएट डॉ. डीएस चौहान, मास्टर ट्रेनर डीएस बिष्ट ने प्रतिभागियों को बांस से सस्ता और सरल पॉलीहाउस बनाने की जानकारी दी।एजेंसी

### आरसेटी ने उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम चलाया

चम्पावत। ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान ने उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम चलाया। गुरुवार को जिले के कोट गांव में आरसेटी के निदेशक आरपी टम्टा के नेतृत्व में चलाए गए एकदिवसीय उद्यमिता जागरुकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को स्वरोजगार से संबंधित जानकारियां दी गई। एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत निदेशक ने ग्रामीणों को बैंकिंग ऋण, जमा, साइबर अपराध, सामाजिक सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारियां दी। एजेंसी

### साइबर ठगी के शिकार व्यक्ति की धनराशि लौटाई

बागेश्वर। साइबर सैल ने ठगी के शिकार एक व्यक्ति की धनराशि वापस लौटा दी है। जिससे पीड़ित ने पुलिस के कार्यों की सराहना की। पुलिस अधीक्षक हिमांशु वर्मा ने बताया कि साइबर सैल सीओ आपरेशन अंकित कंडारी के पर्यवेक्षण में काम कर रहा है। बीते तीस अक्टूबर को मंडलसेरा निवासी जोध सिंह पुत्र धन सिंह के साथ धोखाधड़ी हो गई। उन्हें अज्ञात व्यक्ति ने काल किया। एप डाउनलोड कराया और उनके खाते 18,900 रुपये निकाल लिए। जिस पर साइबर सैल ने त्वरित कार्रवाई की और धनराशि रिफंड करा दी गई है। उन्होंने बताया कि अभी तक 25 प्रकरणों में शतप्रतिशत धनराशि वापस कराई गई है।

## खटीमा नगर पालिका में सफाई कर्मचारियों का हंगामा

रुद्रपुर। नगर पालिका में कार्यरत सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर वार्ता करने गए कर्मचारी नेता और पालिकाध्यक्ष के बीच जबर्दस्त विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे पर अभद्रता का आरोप लगाया।

कर्मचारी नेता का आरोप था कि वह सफाई कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर पालिकाध्यक्ष के पास गए थे। इस दौरान पालिकाध्यक्ष ने एक महिला कर्मचारी के साथ गलत तरीके से बात की। इसके विरोध में कर्मचारियों ने हंगामा किया और पालिका कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। पालिका कर्मियों ने मांगों का निस्तारण न होने पर हड़ताल की चेतावनी दी है। कर्मचारी नेता



संतोष गौरव के नेतृत्व में गुरुवार को कर्मचारी पालिकाध्यक्ष से मिले। कर्मचारियों ने मृतक आश्रितों की भर्ती, कर्मचारियों की बढ़ोतरी, बोनस, एरियर, वर्दी व सुरक्षा उपकरण मुहैया कराने की मांग पालिकाध्यक्ष से की। उन्होंने पालिकाध्यक्ष सोनी राणा को ज्ञापन सौंपकर कहा कि उनकी मांगों को नजरअंदाज किया जा रहा है। उन्होंने समस्याओं पर तत्काल कार्रवाई की मांग की। एजेंसी

## कमल जिंदल ने जिलाध्यक्ष का पदभार संभाला



रुद्रपुर। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष कमल जिंदल ने हवन–यज्ञ के साथ जिलाध्यक्ष का पदभार संभाला। इससे पहले कार्यकर्ताओं ने किच्छा रोड पर उनका स्वागत किया। इधर, पहली बार जिला कार्यलय पहुंचने पर महिलाओं ने भी तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। गुरुवार को किच्छा रोड स्थित भाजपा जिला मुख्यालय में कार्यक्रम के दौरान नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने एक सामान्य से कार्यकर्ता को यह जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी है।

इसके लिए वे प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हैं। उन्होंने कहा उनकी प्राथमिकता हर कार्यकताओं का सम्मान हो और सबका उपयोग उनकी क्षमता के अनुसार किया जायेगा। कहा आने वाले निकाय, पंचायत और लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहरायेगा। एजेंसी

### भाजपा जिलाध्यक्ष माहरा का बाराकोट में स्वागत

चम्पावत। भाजपा के नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा के बाराकोट पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका फूल मालाओं से स्वागत किया। बाराकोट ब्लाक सभागार में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष माहरा ने कहा कि प्रदेश संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है। वह कार्यकर्ताओं का उनके प्रति विश्वास का प्रतीक है। वह प्रत्येक कार्यकर्ता के साथ मिलकर पार्टी संगठन को जनपद में मजबूत करने के साथ मिलने वाली सभी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करेंगे। एजेंसी

## कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक आज

रुद्रपुर। कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक आज यानी शुक्रवार को गावा राइस मिल में होगी। इसमें 14 से 19 नवंबर तक मनाये जाने वाले विशेष पखवाड़े की तैयारियों पर चर्चा होगी। गुरुवार को कांग्रेस के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही 'भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन सिंह माहरा के निर्देश पर आगामी 14 नवंबर को भारतरत्न पूर्व प्रधान मंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती से भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती 19 नवंबर तक पखवाड़े में जिला, ब्लॉक न्याय पंचायत स्तर पर गोष्ठी एवं पद यात्राओं का आयोजन किया जाना है। इन आयोजनों की रूपरेखा तैयार करने के लिए पार्टी की जिला स्तरीय बैठक सुबह 11 बजे से कांग्रेस जिला कार्यालय, गावा राइस मिल रुद्रपुर में होगी। इसमें कार्यक्रम के जिला पर्यवेक्षक पूर्व विधायक संजीव आर्य भी मौजूद रहेंगे।एजेंसी

### रोहित का जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबाल के लिए चयन

अल्मोड़ा। रानीखेत तहसील के समीपवर्ती उपराड़ी निवासी होनहार खिलाड़ी रोहित मेहरा का चयन 48वीं जूनियर राष्ट्रीय वॉलीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। राष्ट्रीय प्रतियोगिता 14 से 19 नवंबर तक जम्मू–कश्मीर में होगी। रोहित का राष्ट्रीय जूनियर वॉलीबाल के लिए चयन होने पर खेल प्रेमियों और ग्रामीणों ने खुशी जताई है। सामाजिक कार्यकर्ता दीपक करगेती ने रोहित का राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर बधाई और शुभकामनाएं दीं हैं।एजेंसी

## दस दिवसीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन गाइड प्रशिक्षण शुरू

बागेश्वर। उत्तराखंड पर्यटन विकास परिषद् देहरादून के तत्वाधान में जिले में पहली बार कौसानी में दस दिवसीय टूरिस्ट डेस्टिनेशन गाइड प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। जिला पर्यटन विकास अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य एवं इनटैक के निदेशक लोकेश ओरी ने किया।

इसमें कुल 22 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों को भारतीय, विदेशी पर्यटकों को पर्यटन संबंधी संस्कृतिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, पौराणिक एवं विरासत एवं अन्य पर्यटन से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे जनपद में आने वाले स्वदेशी एवं विदेशी पर्यटकों की संख्या में वृद्धि की जाएगी। गाइडों को सरल भाषा में स्थान विशेष सांस्कृतिक की जानकारी प्रदान की जाएगी। चयनित गाइडों को 10 दिन तक व्यक्तिगत एवं सामूहिक स्तर पर संवाद क्षमता का विकास,



व्यक्तित्व विकास, सामान्य शिष्टाचार, टेलीफोन से वार्ता करना, निर्णय लेने की क्षमता, ग्रुप डिस्कशन, टैवल, टुरिज्म, हॉस्पिटेलिटी की मूलभूत जानकारी, राजकीय पर्यटन संगठन कि जानकारी, पुरातत्व विभाग की जानकारी, संस्कृति विभाग, भारतीय रेल, वायुयान, उद्योग एवं पर्यटन नीति आदि की जानकारी भी दी जाएगी। साथ ही स्थानीय लोक संस्कृति, लोक गीत, योग, साहसिक पर्यटन, ईको टूरिज्म, धार्मिक सांस्कृतिक ऐतिहासिक जानकारी भी दी जाएगी, और जनपद के पर्यटन स्थलों, पर्यटन कार्यालय आदि का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिसके बाद उन्हे स्थानीय गाइड का परिचय पत्र भी उपलब्ध कराया जाएगा। एजेंसी

### नियमों के उल्लंघन पर 750 लोगों पर कार्रवाई

बागेश्वर। अल्मोड़ा पुलिस का सार्वजनिक स्थानों पर चेकिंग अभियान जारी है। जिलेभर के विभिन्न थाना क्षेत्रों में पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने पर 750 लोगों पर कार्रवाई की है। पुलिस ने 03 लाख 84 हजार 350 रुपये का जुर्माना वसूला है। एसएसपी प्रदीप कुमार राय के निर्देशन पर इन दिनों जिलेभर में पुलिस का चेकिंग अभियान जारी है। नियमों के उल्लंघन में कुल 750 लोगों पर कार्रवाई कर 03 लाख 84 हजार 350 से अधिक का जुर्माना वसूला। पुलिस ने कोटपा एक्ट के तहत 37, पुलिस एक्ट में 134, एमवी एक्ट में 579, कुल 750 लोगों पर कार्रवाई करते हुए 06 वाहनों को सीज किया गया। पुलिस की इंटरसेप्टर टीम भी जगह–जगह चेकिंग अभियान चला रही है। एसएसपी ने कहा कि नियम तोड़ने वालों के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी।एजेंसी

## विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू

अल्मोड़ा। ताड़ीखेत में गुरुवार को विकासखंड स्तरीय विद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरू हुई। अंडर–14, 17 व अंडर–19 में विभिन्न वर्गों की दौड़, कूद, क्षेपण आदि स्पर्धाएं कराईं जा रही हैं। पहले दिन विभिन्न स्पर्धाओं में स्कूली खिलाड़ियों ने प्रतिभा का बेहतरीन प्रदर्शन किया। श्रद्धानंद खेल मैदान में आयोजित ब्लॉक स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि पीएचसी ताड़ीखेत के प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. डीएस नबियाल ने शुभारंभ करते हुए खेलों को जीवन अभिन्न अंग बताया। उद्घाटन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे खंड शिक्षा अधिकारी एसएस चौहान तथा कार्यक्रम संयोजक अटल उत्कृष्ट विद्यालय ताड़ीखेत के प्रधानाचार्य रोशन लाल टम्टा ने भी खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। जीजीआईसी ताड़ीखेत की प्रधानाचार्या रोजी नैयर व ब्लॉक क्रीडा समन्वयक डॉ. शिवराज सिंह बिष्ट ने भी विचार रखे। गत वर्ष की चैंपियन प्रियंका पांडे ने प्रतियोगियों को शपथ दिलाई। पहले दिन अंडर–19 बालक वर्ग की सौ मीटर दौड़ में राइंका सिलोर महादेव के कमलेश कुमार, जीआइसी बंगोड़ा के प्रवेश बिष्ट, कैंट इंका रानीखेत के किरण कुमार, अंडर–19 सीनियर बालिका वर्ग 1500 मीटर दौड़ में राकइंका देवलीखेत की दीक्षा बिष्ट, राइंका बेड़गांव की चांदनी आर्या, लंबी कूद में राइंका रधुलीपीपल की मानसी नेगी ने सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। अंडर–19 बालक वर्ग की 200 मीटर दौड़ में राइंका सिलोर महादेव के कमलेश कुमार 1500 मीटर दौड़ में नेशनल इंटर कॉलेज रानीखेत के अजय नेगी ने पहला स्थान प्राप्त किया। अंडर–17 बालक वर्ग उंची कूद में राइंका नौगांव के दीपक सिंह परिहार, 1500 मीटर सीनियर बालिका वर्ग की दौड़ में राकइंका ताड़ीखेत की प्रियंका पांडे ने प्रथम स्थान पाया। कार्यक्रम में चंदन सिंह मेहरा, राजीव खाती, मनमोहन देव, राहुल त्यागी,गीता शर्मा, अजय चंद, लक्ष्मण सिंह परगाई, दिनेश चंद्र पांडे आदि सहयोग कर रहे हैं।एजेंसी

### शारदा नदी में डूब रहे बुजुर्ग को बचाया

चम्पावत। शारदा नदी में डूब रहे एक बुजुर्ग को तैराक पुलिस ने सकुशल बचा लिया। परिजनों ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया है। कोतवाल चंद्र मोहन सिंह ने बताया कि गुरुवार सुबह 65 वर्षीय बुजुर्ग राज कपूर गुप्ता शारदा नदी में स्नान के लिए आए थे। बताया तभी अचानक नदी के तेज बहाव में बुजुर्ग बहने लगे। वहां मौजूद लोगों की चीख पुकार के बाद जल पुलिस रविंद्र कुमार पहलवान ने डूब रहे बुजुर्ग को सकुशल बचा लिया।एजेंसी

## एनएचआरएम के संविदा चिकित्सक व कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



रुद्रपुर। उप जिला चिकित्सालय में कार्यरत राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के संविदा चिकित्सक व कर्मचारियों ने कोविड काल की प्रोत्साहन राशि देने के आदेश की प्रतिया जलाईं। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि गत वर्ष राज्य स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री ने दस हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की थी, जो आज तक नहीं दी गई। एनएचआरएम के संविदा कर्मचारियों ने प्रदेश कार्यकारिणी के आह्वान पर कोविड में सराहनीय कार्य करने वाले एनएचएम कर्मियों को 10 हजार की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा के पूरा नहीं होने पर नाराजगी जताई। कर्मचारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री ने दस हजार रुपये देने के आदेश भी जारी किए, जो दूसरे राज्य स्थापना दिवस तक भी पूरे नहीं हुए हैं। इसके विरोध में एनएचआरएम कर्मियों ने आदेश की प्रतियां जलाकर रोष जताया। साथ ही चेतावनी दी कि यदि शासन ने घोषणा को एक–दो दिन में पूरा नहीं किया तो प्रदेश के समस्त एनएचआरएम कर्मी उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में डॉ. रितेश त्रिपाठी, डॉ. मनोज पांडेय, डॉ. देश दीपक गौड़, डॉ. संदीप मिश्रा, अजय सिंह, बृजगोपाल जोशी, निरूपम, गीता, अनिता, नूपुर पांडे, विजयेंद्र गंगवार, प्रमोद नौटियाल, संजीव जोशी, विक्रम सिंह बिष्ट आदि शामिल रहे।एजेंसी

### सम्मेलन के लिए सीएम को भेजा आमंत्रण पत्र

अल्मोड़ा। एक्स सेंट्रल आर्मड पुलिस फोर्स एसोसिएशन का आगामी नौ नवंबर को हल्द्वानी में सम्मेलन आयोजित होगा। एसोसिएशन के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष मनोहर सिंह नेगी ने नवनियुक्त अल्मोड़ा के भाजपा जिलाध्यक्ष रमेश बहुगुणा के माध्यम से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट को सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिये आमंत्रण पत्र भेजा है।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन में अर्द्ध सैनिक बलों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। आमंत्रण पत्र सौंपने वालों में रूप सिंह बिष्ट, केबी पांडे, आरपी जोशी, दीवान सिंह बिष्ट, आरसी बिनवाल, हर्षवर्धन चौधरी आदि शामिल रहे।एजेंसी

## बजट आवंटन को लेकर चल रहा विवाद दिन–प्रतिदिन गहराता जा रहा

बागेश्वर। जिला पंचायत में बजट आवंटन को लेकर चल रहा विवाद दिन–प्रतिदिन गहराता जा रहा है। बजट आवंटन व्यवस्था ठीक करने तथा सदन में महिला सदस्यों के साथ कोतवाल द्वारा की गई अभद्रता में कार्रवाई की मांग को लेकर जिपं उपाध्यक्ष समेत विपक्षी सदस्यों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा। उन्होंने कहा कि जब तक मांग पूरी नहीं होगी आंदोलन जारी रहेगा। विपक्षी सदस्यों ने गुरुवार को भी जिला पंचायत परिसर में धरना दिया। यहां हुई सभा में वक्ताओं ने कहा कि जब से जिला पंचायत का गठन हुआ तब से बजट आवंटन को लेकर जिपं अध्यक्ष मनमानी कर रही हैं। उनके क्षेत्र का विकास ठप हो रहा है। एक बार फिर 21 अक्तूबर की जिला पंचायत की



बैठक में गलत बजट आवंटन हुआ है। विरोध किया तो सदस्यों के साथ अभद्रता की गई। अब सदस्य न्याय के लिए आंदोलन की राह पर हैं। जब तक न्याय नहीं मिलेगा वह यहां से नहीं उठेंगे। इस मौके पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष नवीन परिहार, जिपं सदस्य हरीश ऐठानी, पूजा आर्या, गोपा धपोला, इंद्रा परिहार, सुरेश खेतवाल, रूपा कोरंगा तथा रेखा देवी आदि मौजूद रहे।एजेंसी

# पौड़ी गढ़वाल में राफ्टिंग की अपार संभावनाएं : डीएम



होटल एसोसिएशन की बैठक को संबोधित करते हुए डीएम डॉ. आशीष चौहान।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने कहा कि जनपद के अंतर्गत राफ्टिंग की अपार संभावनाएं हैं, जिसे व्यवस्थित तरीके से संचालन की आवश्यकता हैं। उन्होंने होटल एसोसिएशन के संचालकों को ऑनलाइन बिजनेस बढ़ावा दिए जाने के लिए संयुक्त रूप से एक प्लान तैयार करने का भी विकल्प दिया, जिसे बाद में किसी एप के माध्यम से संचालित किया जा सकेगा।जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान की अध्यक्षता में होटल एसोसिएशन की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। जिलाधिकारी ने होटल संचालकों को होटल में अग्निशमन यंत्र, सीसीटीवी कैमरे, साफ-सफाई, खाने की बेहतर गुणवत्ता, रेट लिस्ट चस्पा करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने होटल एसोसिएशन के संचालकों को कहा कि जनपद क्षेत्रांतर्गत साहसिक खेल गतिविधि राफ्टिंग की अपार संभावनाएं है, जिसे व्यवस्थित तरीके से संचालित करते हुए रोजगार का सृजन किया जाएगा। उन्होंने पर्यटकों को बढ़ावा दिये जाने के लिए होटल व्यवसाहियों के साथ निरंतर रूप से बैठक किये जाने की बात कही। इस दौरान होटल एसोसिएशन ने जिलाधिकारी के सम्मुख कूड़ा निस्तारण, पेयजल, वाहन पार्किंग जैसी बुनियादी समस्याएं उठाई। जिस पर जिलाधिकारी ने सकारात्मक प्रयास किये जाने की बात कही। इस अवसर पर जिला पर्यटन अधिकारी प्रकाश खत्री, होटल एसोसिएशन से अरविंद नेगी, रचित अलावादी, अखिलेश नेगी, विजय गैरोला, राहुल बिष्ट, राजेश नेगी, नरेंद्र सिंह, राहुल राणा सहित अन्य उपस्थित थे।

## छात्रों ने नेट, जेआरएफ में सफलता हासिल की

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के बिड़ला परिसर के अंग्रेजी विभाग के तीन छात्रों ने नेट, जेआरएफ परीक्षा में सफलता हासिल की है। जिसमें हसन अंसारी व निथान कुमार ने नेट तथा तेनजानुर इस्लाम ने जेआरएफ परीक्षा में सफलता हासिल की है। विभाग की शिक्षिका प्रो. मोनिका गुप्ता ने खुशी जताते हुए बताया कि तीनों छात्र पीएचडी कर रहे हैं। वहीं हिंदी विभाग के शोधार्थी तरूण नौटियाल ने भी वर्ष 2022 की नेट जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण कर विभाग का गौरव बढ़ाया है। विभाग की प्रो. मृदुला जुगराण ने उन्हें हिंदी विभाग की ओर से शुभकामनाएं दी हैं।

# छात्रों को वितरित की स्वेटर और कृत्रिम आभूषण



**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : उत्तराखण्ड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच कोटद्वार की ओर से राजकीय कन्या इंटर कॉलेज लालपानी में 70 छात्र-छात्राओं को निःशुल्क स्वेटर वितरित की गई। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु कृत्रिम आभूषण भी भेंट किये।

उत्तराखण्ड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के अध्यक्ष सत्यप्रकाश थपलियाल ने कहा कि प्रतिष्ठित व्यवसायी विजय माहेश्वरी एवं उनकी माता द्वारा शिक्षा के विस्तार के उद्देश्य से निर्धन एवं प्रतिभावान 70 छात्र-छात्राओं को स्वेटर वितरित की गई। वहीं व्यवसायी अनिल आनन्द द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु कृत्रिम आभूषण दिये गये। उन्होंने कहा कि एक जागरूक नागरिक के इस प्रयास से छात्रों की शिक्षा के प्रति रूचि बढ़ेगी। श्री थपलियाल ने बच्चों को देश का भविष्य बाते हुए शिक्षा के प्रति जागरूक किया। प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना भारद्वाज ने सामाजिक संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि निर्धन एवं प्रतिभावान छात्र-छात्राओं की मदद करना सही अर्थों में सबसे बड़ी समाजसेवा है। जब देश का प्रत्येक बच्चा पढ़ेगा तब वास्तव में देश का विकास होगा। इस मौके पर श्रीमती निधि रावत, ममता भंडारी, श्वेता जिरवाण, श्रीमती रामी, अंजनी डिमरी, इंदु भंडारी, निधि बुड़ाकोटी, ममता रावत आदि मौजूद थे।

# एनएचएम कर्मचारियों ने जलाई मुख्यमंत्री घोषणा की प्रतियां

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : एनएचएम कर्मचारियों ने 9 नवंबर 2021 को सीएम पुष्कर सिंह धामी द्वारा की गई घोषणा की प्रतियों को जलाते हुए विरोध किया। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।गुरुवार को विरोध करते हुए संगठन के जिलाध्यक्ष शरद रौतेला ने कहा कि सभी कर्मचारी अपने कर्तव्यों को समझते हैं। किसी भी प्रकार की आकस्मिक सेवाओं को प्रभावित नहीं किया गया। कर्मचारियों ने सरकार तक अपनी आवाज को पहुंचाने के लिए आदेश, समझौतों और घोषणाओं की प्रतियां जलाने का निर्णय लिया है। संगठन के संरक्षक विवेक घिल्डियाल ने कहा कि एनएचएम कर्मचारियों को मिशन प्रबंधन और सरकार बार-बार ठगने का कार्य कर रही है। मिशन प्रबंधन द्वारा सचिव के आदेश पर भी हरियाणा और हिमाचल की तर्ज पर ग्रेड वेतन का प्रस्ताव शासन को प्रस्तुत नहीं किया। कर्मचारियों के हित में मानव संसाधन नीति लागू करने में भी घोर लापरवाही बरती जा रही है। संगठन के सचिव आशीष डोभाल ने कहा कि कोरोना काल में उत्कृष्ट कार्य करने पर सरकार ने दस हजार एक मुश्त प्रोत्साहन राशि की घोषणा की थी, लेकिन आज तक यह राशि कर्मचारियों को नहीं मिल पाई है। कहा कि विभागीय अधिकारियों, मिशन प्रबंधन ने सीएम की घोषणा को गंभीरता से नहीं लिया है। इस दौरान कर्मचारियों ने 2018 और 2021 में मिशन प्रबंधन के बीच हुए समझौतों जिसमें कर्मचारियों को हरियाणा की तर्ज पर ग्रेड वेतन देने, 60 साल की उम्र तक सेवा, मानदेय में वृद्धि, आउटसोर्स नियुक्तियों को समाप्त करने सहित बीमा और ईपीएफ पर सहमति और आदेश की प्रतियां कर्मचारियों द्वारा जलाई गई हैं। इस मौके पर निखिलेश रावत, प्रदीप रावत, शरद रौतेला, अनिल, दिलशाद, मनीष रावत, नीरज, विधि, मनीष, विवेक घिल्डियाल आदि मौजूद रहे।

### पोस्टर में संगम तो निबंध में वर्षा रहे अव्वल

श्रीनगर : राजकीय पॉलिटेक्निक श्रीनगर में उत्तराखंड दिवस के उपलक्ष्य में प्रधानाचार्य एसके वर्मा के मार्गदर्शन में क्विज, वाद-विवाद, निबंध एवं पोस्टर प्रतियोगिताएं व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। क्विज प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के छात्र सूर्यकांत, वाद-विवाद प्रतियोगिता में सिविल इंजीनियरिंग के छात्र कुलदीप चौहान, पोस्टर प्रतियोगिता में आईटी ब्रांच के छात्र संगम सैनी एवं निबंध प्रतियोगिता में इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग की छात्रा वर्षा पुरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता 12 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नवयुग पब्लिक स्कूल पदमपुर मोटाढांक में सातवीं अंतर विद्यालयी बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीमती नीलम नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी विद्यालय बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, बेटी खिलाओ के तहत सातवी अंतर विद्यालयी बालिका वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 12 और 13 नवंबर को किया जाएगा।

जिसमें कोटद्वार क्षेत्र की सीबीएसई और सरकारी विद्यालयों की लगभग 25 टीमें प्रतिभाग करेंगी।

# पलायन रोकने के लिए सहकारी समितियां बेहतर विकल्प



बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति घंडियाल के अध्यक्ष जगमोहन डांगी मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए।

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : बहुउद्देशीय साधन सहकारी समिति लिमिटेड घंडियाल का वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला पंचायत सदस्य गढ़कोट संजय डबराल ने कहा कि पलायन रोकने के लिए सहकारी समितियां बेहतर विकल्प हैं।

विकासखंड कल्जीखाल घण्डियाल स्थित सहकारी साधन समिति की वार्षिक आम सभा में गत वर्ष 21-22 का संतुलन पत्र लाभ-हानि पर विचार, ग्रामीण बचत केंद्र की प्रगति पर विचार एवं वसूली पर कार्रवाई, ऋण आदि विषयों पर चर्चा की गई। समिति के अध्यक्ष जगमोहन डांगी ने बताया कि समिति नव युवकों को स्वरोजगार एवं महिला समूह को सामूहिक रूप में ऋण देकर आत्म निर्भर बनाने का निरंतर प्रयास कर रहे है। कोरोना काल में गांव लौटे प्रवासियों को जीरो प्रतिशत ब्याज पर ऋण देकर आत्मनिर्भर बनाया। उन्होंने विधायक पौड़ी से सहकारी समिति के भवन मरमत एवं सुरक्षा दीवार बनाने की मांग की है। वहीं जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत से कांसखेत एवं घंडियाल में जिला सहकारी बैंक का एटीएम खोलने की मांग की। इस अवसर पर कल्जीखाल के प्रधान संगठन के अध्यक्ष रमेश चंद्र शाह, सहकारी साधन समिति बनेख के अध्यक्ष रघुनाथ सिंह रावत, उप प्रधान घण्डियाल संजय रावत, सदस्य डीसीबी मनमोहन रावत, पूर्व डाकपाल एवं संचालन मंडल के वरिष्ठ नामित सदस्य धीरेंद्र सिंह रावत, घण्डियाल व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय रावत, सहकारी साधन समिति के उपाध्यक्ष सुमति देवी रावत, महिला मंगल दल अध्यक्ष श्रीमती गायत्री देवी पटवाल, सामाजिक कार्यकर्ता अशोक रावत, आजीविका से सुरजीत रावत, सचिव सहकारी साधन घंडियाल श्रीमती दीपा भट्ट, सचिव सहकारी साधन बनेख श्रीमती निर्मला नैथानी आदि मौजूद थे।

# सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी संगठन की मजबूती के लिए करेगें काम : पंवार

रुद्रप्रयाग : भाजपा प्रदेश संगठन द्वारा नव नियुक्त जिलाध्यक्षों की घोषणा के बाद पहली बार भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष महावीर पंवार के रुद्रप्रयाग आने पर कई जगहों पर उनका स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने ढोल नगाड़ों के साथ ही आतिशबाजी कर अपने नए अध्यक्ष का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यालय में युवा कार्यकर्ताओं ने बाइक रैली भी निकाली। नव नियुक्त जिलाध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता मिलकर पार्टी संगठन की मजबूती के लिए कार्य करेंगे। आगामी मंडलों के लिए भी सभी की सहमति के आधार पर चुनाव प्रक्रिया संपंन होगी। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य पार्टी और संगठन की मजबूती के लिए कार्य करना है।

रुद्रप्रयाग जिले का भाजपा अध्यक्ष बनने के बाद पहली बार जनपद आगमन पर नव नियुक्त जिलाध्यक्ष महावीर पंवार का भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार तरीके से स्वागत किया। खांकरा और झिरमोली में रुद्रप्रयाग ग्रामीण मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र जोशी की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। जबकि जवाडी बाईपास पर रुद्रप्रयाग नगर मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र रावत की मौजूदगी में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। बेलनी पुल से केदारनाथ तिराहे तक तल्लानागपुर मंडल अध्यक्ष जखोली, तिलवाड़ा एवं सिद्धसौड़ अध्यक्ष द्वारा स्वागत किया गया।

मंडल अध्यक्ष सुभाष पुरोहित, मेहरबान रावत, कुलवीर रावत, जसवीर नेगी, गंभीर बिष्ट, बृजमोहन नेगी, विनोद देवशाली, जसपाल रावत, जेपी सकलानी आदि ने स्वागत किया।

वहीं मुख्य बाजार में भाजपा के सभी कार्यकर्ता स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्य बाजार में कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की। इधर, पार्टी कार्यालय में आयोजित स्वागत कार्यक्रम में नव नियुक्त अध्यक्ष महावीर पंवार ने प्रदेश संगठन के साथ ही प्रदेश अध्यक्ष और अन्य सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं का आभार जताया। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष चंडी भट्ट, विजय कप्रवान, वाचस्पति सेमवाल, ममता नौटियाल, राकेश नौटियाल, शकुंतला जगवाण, नपं ऊखीमठ विजय राणा, रमेश नौटियाल सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। (एजेन्सी)

## किसान सम्मान निधि में अत्यधिक खामियां : कुकशाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

श्रीनगर : कीर्तिनगर प्रधान संगठन विकासखंड के अंतर्गत आने वाली ग्राम सभाओं में व्याप्त समस्याओं का समाधान न होने पर प्रधानों ने गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। इस संदर्भ में आयोजित बैठक में प्रधानों ने कहा कि पूर्व में दिए गए मांग पत्र पर भी शासन-प्रशासन की ओर से कार्यवाही नहीं की जा रही हैं। जिससे जनप्रतिनिधियों में रोष पनप रहा है।

# स्वास्थ्य शिविर में 210 लोगों ने कराया उपचार

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : ''अस्पताल जनता के द्वार'' कार्यक्रम के तहत जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से विकासखंड थराली के सुदूरवर्ती गांव लोल्टी में गुरूवार को मल्टी स्पेशिलिटी निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाकर 210 से अधिक लोगों को लाभान्वित किया गया। स्वास्थ्य शिविर में जनरल सर्जन, आर्थो सर्जन, स्त्री व बाल रोग विशेषज्ञ, ईएनटी सर्जन के साथ विभिन्न गैरसंचारी रोगों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान 10 दिव्यांगजनों का विशिष्ट पहचान प्रमाण पत्र (यूडीआईडी) एवं 10 लोगों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। स्वास्थ्य शिविर में दूरस्थ गांव क्षेत्र तुंगेश्वर, माल बस्वाड़, सुनाऊ मल्ला, हरचन्द्र, थाता, बैनोली, लोल्टी आदि गांवों से पहुॅचे 210 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण कर शिविर का लाभ उठाया। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सभी पंजीकृत लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क दवा वितरित की। शिविर में 55 हड्डी रोगी, 22 ईएनटी, 58 आंख, 06 बाल रोग, 20 महिला रोग, 08 दंत रोग, 13 रक्त जांच, 50 जनरल सर्जरी, 22 सामान्य रोगियों की स्क्रीनिंग की गई। सर्जरी और अल्ट्रासाउंड के लिए 11 मरीजों को हायर सेंटर रेफर किया गया। जहां सभी मरीजों का निःशुल्क उपचार किया जाएगा। आयुष विंग ने 10, होमोपैथी ने 54 लोगो को दवा वितरण की गई। शिविर में समाज कल्याण विभाग के माध्यम से वृद्वावस्था, विधवा, दिब्यांग आदि सामाजिक पेंशन योजनाओं के तहत आठ आवेदन पत्र वितरित किए गए।

## निर्माण कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी ने कहा कि जिन योजनाओं का कार्य पूर्ण हो गया है उनका विभाग तत्काल भुगतान किया जाए। ऐसी योजनाएं जिनमें धनराशि अवमुक्त होनी है, उनका शीघ्र टेंडर करें, ताकि धनराशि मिलने में तत्काल काम शुरू हो सके। विभागों द्वारा जो भी कार्य निर्माणदायी संस्थाओं को दिए गए है, उनकी स्वयं मॉनिटरिंग करें और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें।जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने गुरूवार को क्लेक्ट्रेट सभागार में जिला योजना, राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित, बाहय सहायतित एवं बीससूत्री कार्यक्रमों की प्रगति समीक्षा की। उन्होंने विभागों को प्रस्तावित कार्यों, पिछले अवशेष कार्यों को शीर्ष प्राथमिकता पर पूरा करते हुए शत प्रतिशत व्यय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि राज्य सेक्टर, केन्द्र पोषित, बाह्य सहायतित और 20 सूत्री कार्यक्रमों के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों को भी जल्द से जल्द पूरा करते हुए शत प्रतिशत व्यय करें। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी वीसी जोशी ने बताया कि जिला योजना के अन्तर्गत अनुमोदित परिव्यय 5450 लाख के सापेक्ष 3633.34 लाख धनराशि विभागों को अवमुक्त की गई है, जिसमें से अभी तक विभागों ने 46.72 प्रतिशत व्यय कर लिया है। राज्य सेक्टर के अन्तर्गत अवमुक्त 10625.83 लाख के सापेक्ष 63.60 तथा केन्द्र पोषित में अवमुक्त 16480.46 लाख के सापेक्ष 95.54 प्रतिशत धनराशि विभागों द्वारा व्यय की जा चुकी है।

### एनएचएम कर्मियों ने जलाई सीएम घोषणापत्र की प्रतियां

चमोली : कोरोना संकट काल में कोविड वॉरियर की प्रोत्साहन राशि न मिलने पर एनएचएम कोरोना वारियर्स कर्मियों ने नाराजगी जता कर प्रदर्शन किया। आक्रोशित कर्मियों ने सीएम की कोरोना वॉरियर्स को सीएम की घोषणापत्र की प्रत्तियां जलाकर नाराजगी व्यक्त की। गुरुवार को जिला चिकित्सा अधिकारी परिसर में एनएचएम और आउटसोर्स कर्मियों ने कहा कि कोराना संकटकाल में मुख्यमंत्री के द्वारा कोविड वॉरियर को प्रोत्साहन राशि दिये जाने की घोषणा की गयी थी। वर्तमान समय तक घोषणा पूरी नहीं हुई। एनएचएम कर्मचारी के जिलाध्यक्ष राहुल बिष्ट ने बताया कि बिते वर्ष सीएम की घोषणा में प्रोत्साहन राशि दिये जाने की बात की गई थी।

# क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब नरेन्द्रनगर ने जीता



नई टिहरी : जिला खेल विभाग की ओर से आयोजित अंडर-17 बालक वर्ग तीन क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हो गया। टूर्नामेंट में नरेंद्रनगर की टीम विजेता और कीर्तिनगर उप विजेता रही। विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। बौराड़ी स्टेडियम में आयोजित जिलास्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का नगर पालिकाध्यक्ष सीमा कृषाली और जाखणीधार की ब्लॉक प्रमुख सुनीता देवी ने समापन किया, उन्होंने विजेता और उप विजेता टीम को शील्ड भेंट कर सम्मानित किया।

उन्होंने कहा कि खेलों को बढ़ावा देने के लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा। जिला खेल अधिकारी संजीव कुमार पौरी ने कहा कि राज्यस्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए जिले की टीम तैयार की गई है, जल्द ही टिहरी में राज्यस्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट और बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस असवर पर भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी डॉ. प्रमोद उनियाल, उप क्रीड़ाधिकारी रितु जैन, कमल नयन रतूड़ी, सुरेश पुंडीर, सुशील डंगवाल, असद आलम, विपिन रघुवंशी, दर्शन गुसाईं, नवीन उनियाल, राजीव गौड़, सूर्य प्रकाश जोशी, जितेंद्र नेगी, यजुवेंद्र चौहान आदि मौजूद थे। (एजेन्सी)


**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम संगीता देवी से बदलकर संगीता तड़ियाल कर लिया है। भविष्य में मुझे संगीता तड़ियाल पत्नी भारत सिंह तड़ियाल के नाम से जाना पहचाना जाए।

**पता-अनुसुया भवन मनोहर नगर अपर कालाबड, कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड।**

(667/25)

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम भारत सिंह से बदलकर भारत सिंह तड़ियाल कर लिया है। भविष्य में मुझे भारत सिंह तड़ियाल पुत्र स्व0 अनुसूया सिंह के नाम से जाना पहचाना जाए।

**पता-अनुसुया भवन, मनोहर नग, अपर कालाबड, कोटद्वार पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड।**

(668/25)


# प्लास्टिक एवं कूड़ा किसी भी दशा में नदियों में न जाए : डीएम

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाय कि प्लास्टिक कचरा एवं कूड़ा-करकट किसी भी दशा में नदियों में न जाए। उन्होंने कूड़ा निस्तारण के संबंध में किसी क्षेत्र से यदि कोई शिकायत प्राप्त होती है तो उसका शीघ्रता से शीघ्र निराकरण करें।

इसमें किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता एवं लापरवाही न बरती जाए।जनपद के ग्रामीण, नगरीय क्षेत्रों एवं केदारनाथ यात्रा मार्ग में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराने एवं प्लास्टिक कचरे का उचित निस्तारण करने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित की अध्यक्षता में जिला कार्यालय कक्ष में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सुलभ संस्था, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका एवं नगर पंचायतों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। जो भी प्लास्टिक कचरा निकल रहा है उसका उचित निराकरण कराएं। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम की यात्रा अब समाप्त हो गई है। केदारनाथ यात्रा मार्ग में जो भी कूड़ा, कचरा एवं प्लास्टिक पड़ा है उसकी सफाई व्यवस्था शीघ्र से शीघ्र की जाए। डीएम ने जिला पंचायत को सोनप्रयाग, फाटा, गुप्तकाशी एवं यात्रा मार्ग में प्लास्टिक एवं कूड़ा-करकट की सफाई कराने, जिला पंचायत एवं पंचायती राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था कराने के निर्देश दिये। उन्होंने पर्यटन विभाग को भी निर्देश दिए हैं कि यात्रा मार्ग में अवस्थित सभी हैलीपैड़ की भी उचित सफाई व्यवस्था की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यात्रा मार्ग में जो भी स्थायी शौचालय बनाए जाने हैं उसके लिए प्लान तैयार करते हुए आवश्यक कार्यवाही करें।

### शिविर में छात्रों को दी कानूनी जानकारी

रूद्रप्रयाग : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, रूद्रप्रयाग की ओर से राजकीय इण्टर कॉलेज मालतोली, रूद्रप्रयाग में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लगभग 15 समस्याओं का समाधान किया गया। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसके अलावा छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। शिविर की अध्यक्षता सचिव/सीनियर सिविल जज, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रूद्रप्रयाग श्रीमती अनामिका सिंह ने छात्र-छात्राओं को जानकारी देते हुए बताया कि इस कानून के अन्तर्गत सभी महिलाएं, बच्चे, कारागार में बंद कैदी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं ऐसे व्यक्ति जिनकी वार्षिक आय तीन लाख से कम है,

# छात्रसंघ चुनाव की प्रक्रिया आज से होगी शुरू, 17 को मतदान

नई टिहरी : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय के परिसर बादशाहीथौल में कोरना काल के कारण पिछले 2 वर्षो के पश्चात हो रहे छात्र संघ चुनाव में छात्रों के मध्य भारी जोश देखने को मिल रहा है। आगामी 11 नवंबर से छात्र-संघ के विभिन्न पदों के लिए नामांकन शुरू किए जाएंगे। 17 नवंबर को मतदान होंगे। यह जानकारी देते हुए परिसर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रो. एसके शर्मा ने बताया कि दो साल बाद छात्र संघ चुनाव होंगे। बताया कि आगामी 11 नवंबर को छात्र संघ के विभिन्न पदों पर नामांकन प्रक्रिया सुबह साढ़े दस बजे से आरंभ कर दी जाएगी। जो कि दोपहर 1 बजे तक संपन्न होगी। नामांकन पत्रों की जांच नाम वापसी व प्रत्याशियों की घोषणा 12 नवंबर को की जाएगी। 14 नवंबर को सभी प्रत्याशी परिसर में अपने-अपने पदों पर किए गए नामांकन के अनुसार चुनाव प्रचार करेंगे। 15 नवंबर को प्रत्याशियों के साथ बैठक व 16 नवंबर को चुनाव तैयारियां की जायेंगी। 17 नवंबर को सुबह बजे से एक बजे तक चुनाव मतदान संपन्न करवाया जाएगा। 2 बजे से मतगणना आरंभ कर दी जाएगी। 17 नवंबर को ही प्रत्याशियों की विजय घोषणा एवं शपथ ग्रहण संपन्न करवाया जाएगा। छात्रसंघ निर्वाचन सकुशल संपन्न करवाने को 3 सहायक निर्वाचन अधिकारी बनाए गए हैं। जिनमें डा केसी पेटवाल, डा एलआर डंगवाल व डा विशाल गुलेरिया शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने छात्र-छात्राओं से अपील की है कि वह लिंगदोह चुनाव समिति के निर्णय के अनुसार अपना चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करवाएंगे। सभी छात्र अनुशासित होकर इस निर्वाचन में परिसर प्रशासन को सहयोग प्रदान करेंगे परिसर निदेशक प्रो एए बौड़ाई ने परिसर के छात्रसंघ चुनाव संपन्न करने को परिसर के शिक्षकों तथा कर्मचारियों एवं अधिकारियों की विभिन्न समितियां बनाई हैं।


**संबंध विच्छेद**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अनुराग रावत एवं मेरी पुत्रवधु अर्चना रावत मेरे कहने सुनने में नहीं है। जिसके कारण मैं अपने पुत्र अनुराग रावत एवं पुत्रवधु अर्चना रावत से संबंध विच्छेद करता हूॅ तथा अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूॅ। यदि भविष्य में मेरे पुत्र अनुराग रावत व उसकी पत्नी द्वारा किसी भी प्रकार के कृत्य व लेन-देन किया जाता है तो वह उसके लिए स्वयं जिम्मेदार रहेगें, मैं तथा मेरा परिवार उनके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य व लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं रहेगें।

**देवेन्द्र सिंह रावत पुत्र स्व0 गुलाब सिंह रावत निवासी, माली देवी कॉम्पलैक्श, नियर बी0ई0एल0 कॉलोनी बलभद्रपुर, कोटद्वार, जिला पौड़ी गढ़वाल, उत्तराखण्ड।**

सम्पादकीय

# शर्मनाक हार

क्रिकेट भले ही हिंदुस्तान का राष्ट्रीय खेल नहीं है लेकिन इसके प्रति दीवानगी और जुनून किस हद पर चढ़कर बोलता है यह किसी से छिपा नहीं है। बात जब विश्व कप से जुड़ी हुई क्रिकेट की किसी स्पर्धा से हो तो प्रशंसकों को भारतीय टीम से काफी उम्मीदें रहती है। वर्तमान दौर में चल रही टी-20 विश्व कप प्रतियोगिता में भारत से काफी उम्मीद है लगाई गई थी और अपने मिशन में भारत ने सेमीफाइनल तक पहुंचने में कामयाबी हासिल की। फाइनल से चंद कदम दूर होने वाला मुकाबला काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा था और उम्मीद की जा रही थी कि भारत क्रिकेट के जनक इंग्लैंड को पटकनी नहीं दे देगा लेकिन एक अच्छा स्कोर बनाने के बावजूद भारतीय लड़-ाके अंग्रेज खिलाड़ियों पर तनिक भर प्रभाव भी नहीं छोड़ पाए और मैच कुछ ही देर में एक तरफा बन गया। हिंदुस्तान में भारतीय क्रिकेट खिलाड़ियों से काफी उम्मीदें लगाई जाती है और थोड़ी सी सफलता में उन्हें जनता अपने सिर आंखों पर बिठा लेती है। यह भूल कर भी कि वह केवल एक खिलाड़ी हैं और उनसे हमेशा सफलता की उम्मीद नहीं की जा सकती, लेकिन असफलता का इतना बुरा असर होगा यह भी किसी ने उम्मीद नहीं की थी.शायद यही कारण है कि इस शर्मनाक हार से भारतीय क्रिकेट प्रेमी काफी दुखी है। भारतीय टीम चारों ओर से आलोचनाओं के घेरे में है और टीम के प्रबंधन से लेकर नेतृत्व में सवाल उठने लगे हैं। देश ने भी खेलों के विकास के नाम पर क्रिकेट को जो तवज्जो दी उसके कारण आज युवा अन्य खेलों से विमुख होकर क्रिकेट मैदानों का रुख पकड़ रहे हैं। भारत का राष्ट्रीय हकी खेल किस दुर्दशा के दौर से गुजर रहा है यह हमारे सामने है। माता-पिता बच्चों को तेंदुलकर और विराट तो बनाना चाहते हैं लेकिन कोई अपने बच्चों को मेजर ध्यानचंद या प्रगट सिंह नहीं बनाना चाहता। हकी में हार अब मायने नहीं रखती क्योंकि लोगों का रुझान हकी पर रह ही नहीं गया है। क्रिकेट का एक छोटा सा मैच भी हार की दशा में क्रिकेट प्रेमियों को निराश कर देता है और जीत की दशा में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को रातों-रात स्टार बना दिया जाता है। इसके विपरीत हकी में हार-जीत की बात तो छोड़िए, मैच कब और कहां हुआ यह तक अब लोगों को पता नहीं चलता। क्रिकेट के खेल के प्रति अतिशयोक्ति और निराशा के दौर में जाति नजर आ रही है। क्रिकेट से इतनी अधिक आशाएं रखना ठीक नहीं है क्योंकि यह ऐसा खेल है जिसे मात्र चंद देश ही खेलते हैं जबकि फुटबल, हकी या दूसरे ऐसे खेल जो ओलंपिक और एशियाड खेलों की श्रेणी में शामिल हैं उनमें भारत का प्रदर्शन सुधारने की जरूरत है। बीसीसीआई विश्व के उन सबसे अमीर संगठनों में से हैं जो किसी खेल संबंधित है। हकी फेडरेशन वह दूसरे खेलों से संबंधित फेडरेशन की हालत दयनीय है। क्रिकेट में पैसा है और इसका ग्लैमर प्रशंसकों के सिर चढ़कर बोलता है लेकिन जब ऐसी शर्मनाक हार देखने को मिलती है तो निराशा का दौर भी काफी चरम पर जाकर फूटता है। अच्छा होगा लोग क्रिकेट खिलाड़ियों को भगवान समझना छोड़े और इसे महज एक खेल की तरह देख कर अपनी भावनाओं पर काबू रखें।

# भारत की जी-20 अध्यक्षताः उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक बहुत ही बड़ा पल

**अमिताभ कांत**

**सामाजिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर, खपत और उत्पादन के पैटर्न में बदलाव को ध्यान में रखते हुए, लाइफ से उम्मीद है कि वो दुनिया भर में बड़े पैमाने पर पर्यावरण के लिहाज से टिकाऊ प्रथाओं को प्रोत्साहित करेगा। जी-20 की अध्यक्षता में भारत को अपने सामंजस्यपूर्ण दर्शन और प्राचीन सभ्यता संबंधी उन परंपराओं को दिखाने का मौका मिलेगा जिन्होंने पीढियों-पीढियों से पृथ्वी के साथ अपने समग्र संबंध को कायम रखा है। टिकाऊप्रथाओं का समृद्ध इतिहास भारत को एक ऐसे विशिष्ट स्थान पर रखता है जहां वो जलवायु और विकास एजेंडे को एकीत करने के बारे में बात कर सके। डिजिटल मोर्चे की बात करें तो भारत मिसाल कायम करते हुए नेतृत्व करने को तैयार है। इसकी डिजिटल कामयाबी की कहानी खुद-ब-खुद बोलती है। टेक्नोलजी प्रेरित समाधानों के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में उसका बुनियादी भरोसा, कई प्रमुख क्षेत्रों पर ज्यादा बड़ा ध्यान दिला सकता है।**




भारत एक महीने से भी कम वक्त में, 1 दिसबर को जी-20 की अध्यक्षता लेने जा रहा है। इस दौरान वो एक बहुत ही खघस स्थिति में है जहां वो दुनिया भर के विकासशील देशों की चिंताओं और वरीयताओं के हक में आवाज उठा सकता है। इंडोनेशिया-भारत-ब्राजील की जो जी-20 वाली तिकड़ी है, उसके केंद्र में भारत खड़ा है। इस प्रतिष्ठित अंतर-सरकारी मंच के 14 साल के इतिहास में उभरती अर्थव्यवस्थाओं के नेतृत्व में अपनी तरह की ये पहली तिकड़ी है। तकरीबन 1.4 अरब की आबादी के साथ, दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी बढ़ती अर्थव्यवस्था के तौर पर भारत के पास गजब का आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक रसूख है, जिससे वो ग्लोबल नैरेटिव का प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन कर सकता है ताकि आज की वास्तविकताओं का बेहतर ढंग से प्रतिनिधित्व कर सके।

जी-20 का पल भारत के लिए एक ऐसा मौका है जहां वो एक अंतरराष्ट्रीय एजेंडा निर्मित कर सकता है और उसे आगे बढ़ा सकता है। ये एजेंडा है - लाइफ (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल), डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, महिला सशक्तिकरण और तकनीक आधारित विकास पर गहरा ध्यान देते हुए समावेशी, न्यायसंगत और स्थायी विकास को आगे की ओर रखना।

हालांकि, तेजी से ध्रुवीत हो रही इस विश्व व्यवस्था में इन प्राथमिकताओं को उभारना कोई आसान काम नहीं है। जी-20 की भारतीय अध्यक्षता ऐसे समय पर आई है जब कुछ अन्य वैश्विक चिंताओं का ग्रहण लगा हुआ है। ये चिंताएं रूस और यूक्रेन युद्ध के दुष्परिणामों और व्यापक आर्थिक मंदी से लेकर विकासशील देशों को प्रभावित करने वाले गंभीर ा ण संकट तक जाती हैं। संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) की पृष्ठभूमि में देखें तो कोविड-19 महामारी के कारण तात्कालिक आपदा शमन प्रयासों से दशकों की विकास संबंधी प्रगति में भारी बाधा पड़ी है। ऐसे में सतत विकास को लेकर भारत का विजन ही इस वक्त की जरूरत है, जो कि वैश्विक अंतर्सबंधों, साझा जिम्मेदारी और एक सर्कुलर इकोनमी में निहित है।

इस मिशन को उभारने के लिए भारत जी-20 की अपनी अध्यक्षता की थीम के तौर पर वसुधैव कुटुम्बकम या एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य को अपना रहा है। एक प्राचीन संस्त पुस्तक महाउपनिषद् से ली गई ये फिलसफी 2014 में भारत की डिप्लोमैटिक विश्वदृष्टि में दिखती है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा के अपने ऐतिहासिक संबोधन में विश्व परिवार की बात की थी। उस समय प्रधानमंत्री जी-4 गठबंधन के लिए एक बड़ी भूमिका का आह्वान कर रहे थे, और वे इस नीति को निल बटे सन्नाटा के तौर पर न देखने की जरूरत पर बल दे रहे थे। आज, ये संदेश पहले से कहीं ज्यादा प्रासंगिक बना हुआ है। क्योंकि मानवता आज तक के अपने सबसे बड़े अस्तित्व के खतरे से जूझ रही है। वो है - जलवायु परिवर्तन का विनाशकारी व्यापक असर। भारत को उम्मीद है कि अपनी थीम से वो दुनिया भर के नेताओं और वैश्विक नागरिकों को ये याद दिलाएगा कि सबसे छोटे सूक्ष्मजीव से लेकर सबसे बड़े सभ्यागत इकोसिस्टम तक, जीवन के तमाम रूप परस्पर जुड़े हुए हैं। और ये कि कैसे ये साझा भविष्य, एक बराबर जिम्मेदारी और व्यक्तिगत हस्तक्षेप को जन्म देता है।

भारत का जी-20 वाला लोगो ऐसी ही फिलसफी की बात करता है। कमल, जो कि देश का राष्ट्रीय फूल है और विपत्तियों के बीच भी विकास का प्रतीक है, उसमें बैठी पृथ्वी की छवि, दरअसल जीवन को लेकर भारत की प्रो-प्लैनेट अप्रोच की बात करती है। इसके लोगो में केसरिया, सफेद और हरे रंग का शानदार मिश्रण दरअसल विविधता और समावेश के सिद्धांतों को दर्शाता है जो कि उसके सांसतिक लोकाचार को रेखांकित करता है। भारत लंबे समय से सार्वभौमिक सद्भाव और सहयोग का वाहक रहा है और आगे भी रहेगा।

लाइफ (पर्यावरण के लिए लाइफस्टाइल) की अवधारणा इन सिद्धांतों के साथ निकटता से जुड़ी हुई है। नवंबर 2021 में ग्लासगो में सीओपी-26 में प्रधानमंत्री ने इसका परिचय कराया था। पिछले महीने, इस मिशन को संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेज की उपस्थिति में आधिकारिक तौर पर प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात की स्टैच्यू अफ यूनिटी पर इसे लन्च किया गया था। प्रधानमंत्री ने अपने भाषण में कहा कि कुल मिलाकर इस आंदोलन का मकसद जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई को लोकतांत्रिक बनाना है जिसमें हर कोई अपनी क्षमता के अनुसार योगदान दे सकता है।

सामाजिक और व्यक्तिगत दोनों स्तरों पर, खपत और उत्पादन के पैटर्न में बदलाव को ध्यान में रखते हुए, लाइफ से उम्मीद है कि वो दुनिया भर में बड़े पैमाने पर पर्यावरण के लिहाज से टिकाऊप्रथाओं को प्रोत्साहित करेगा। जी-20 की अध्यक्षता में भारत को अपने सामंजस्यपूर्ण दर्शन और प्राचीन सभ्यता संबंधी उन परंपराओं को दिखाने का मौका मिलेगा जिन्होंने पीढियों-पीढियों से पृथ्वी के साथ अपने समग्र संबंध को कायम रखा है। टिकाऊप्रथाओं का समृद्ध इतिहास भारत को एक ऐसे विशिष्ट स्थान पर रखता है जहां वो जलवायु और विकास एजेंडे को एकीत करने के बारे में बात कर सके।

डिजिटल मोर्चे की बात करें तो भारत मिसाल कायम करते हुए नेतृत्व करने को तैयार है। इसकी डिजिटल कामयाबी की कहानी खुद-ब-खुद बोलती है। टेक्नोलजी प्रेरित समाधानों के लिए मानव-केंद्रित दृष्टिकोण में उसका बुनियादी भरोसा, कई प्रमुख क्षेत्रों पर ज्यादा बड़ा ध्यान दिला सकता है। ये प्रमुख क्षेत्र हैं - पब्लिक डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर, वित्तीय समावेशन और षि से लेकर शिक्षा तक टेक्नोलजी युक्त विकास। भारत एक ऐसा देश है जहां रियल टाइम डिजिटल लेनदेनों की दुनिया में सबसे बड़ी संख्या (2022 तक 48 बिलियन) है, और जो सबसे बड़ी बायोमेट्रिक आईडी सिस्टम (आधार) का घर है। वो डिजिटल वित्तीय समावेशन, डिजिटल पहचान और सहमति आधारित ढांचों के इर्द गिर्द बातचीत को आकार देने के लिए एक महत्वपूर्ण स्थिति में है। इसके अलावा, भारत अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में भी नतीजे देने के लिए प्रतिबद्ध है। इनमें महिला सशक्तिकरण, 2030 एसडीजी की दिशा में तेजी से प्रगति, कई क्षेत्रों में तकनीक आधारित विकास, हरित हाइड्रोजन, आपदा जोखिम में कमी, खाद्य सुरक्षा और पोषण को बढ़ाना, और बहुपक्षीय सुधार आदि शामिल है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने घोषणा की है कि ा ण संकट भारत की जी-20 मुद्दों की सूची में शुमार होगा, ऐसे में ये स्पष्ट है कि ये मुल्क ग्लोबल साउथ के हितों के लिए एक प्रभावी झरोखा बनने को तैयार है और वो विकसित दुनिया की अलग-थलग चिंताओं को व्यापक एजेंडे पर हावी होने नहीं देगा।

इस क्षेत्र और दुनिया भर में भारत की एक मजबूत राजनीतिक उपस्थिति है। इसके साथ भारत के पास दुनिया के लिए एक ज्यादा समावेशी, शांतिपूर्ण और समृद्ध भविष्य की मध्यस्थता करने हेतु अपने भारी राजनयिक रसूख का लाभ उठाने का अवसर है। साथ में उम्मीद है कि वन अर्थ.वन फैमिली.वन फ्यूचर की अपनी थीम और लोगो के साथ भारत जी-20 की अध्यक्षता से एक विलक्षण, शक्तिशाली संदेश देगा। वो ये कि - अब हम सभी के लिए वक्त आ चुका है कि हम कदम उठाएं और इस साझे ग्रह की जिम्मेदारी लें।

ख्लेखक भारत के जी-20 शेरपा हैं। वे पूर्व में नीति आयोग के सीईओ रहे हैं।,

# दुनिया कर रही फ्राड या हम?

**हरिशंकर व्यास**




**दुनिया भर के देशों में धार्मिक आजादी की स्थिति का आकलन करने वाली अमेरिकी संस्था यूएस कमीशन अन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम ने भारत को चिंता वाले देशों में रखा है। भारत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, उत्तर कोरिया और सऊदी अरब की श्रेणी में रखा गया है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने यानी प्रदर्शन के लिहाज से भारत दुनिया के 180 देशों की सूची में सबसे नीचे है। इसे वर्ल्ड इकोनमिक फोरम ने तैयार किया है। हेनली पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 83वें स्थान पर है। मजेदार बात है कि भारत की ओर से इस तरह के हर सर्वेक्षण को, हर रैंकिंग को खारिज कर दिया जाता है। लेकिन अमेरिका की एक संस्थान मर्निंग कंसल्ट सिर्फ दो हजार लोगों से बातचीत करके एक सूचकांक जारी करता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल सबसे लोकप्रिय नेता चुने जाते हैं।**

भारत में सब कुछ एक्ट अफ फ्रड कैसे है इसे समझना हो तो अलग अलग क्षेत्र में भारत की रेटिंग देखे। एक-दो क्षेत्रों को छोड़ दें तो हर जगह भारत की रेटिंग नीचे जा रही है। लेकिन हर बार भारत उस अंतरराष्ट्रीय रेटिंग को खारिज कर देता है। हर बार भारत की ओर से कहा जाता है कि रेटिंग तैयार करने का तरीका गलत है या भारत को बदनाम किया जा रहा है। एक तरफ मोदीजी के नाम पर दुनिया में भारत का डंका बजने का दावा है तो दूसरी ओर यह रोना-धोना है कि दुनिया हमको बदनाम कर रही है! सोचें, सारी दुनिया के नेता मोदीजी के प्रिय दोस्त हैं फिर भी पता नहीं कौन भारत को बदनाम करता रहा है?

पिछले दिनों दुनिया की दो प्रतिष्ठित संस्थाओं ने कुपोषण और भूख का सूचकांक तैयार किया, जिसमें भारत की रैंकिंग 107वीं पहुंच गई। पिछले साल यह रैंकिंग 101 पर थी। सोचें, 120 देशों की सूची में भारत 107वें नंबर पर है। दक्षिण एशिया में एक अफगानिस्तान को छोड़ दें तो भारत सभी देशों- नेपाल, पाकिस्तान, बांग्लादेश आदि से पीटे है। इसी तरह यूनेस्को ने एक सर्वेक्षण के बाद बताया है कि भारत में 73 फीसदी माता-पिता अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में नहीं पढ़ाना चाहते हैं क्योंकि उनकी शिक्षा का स्तर बहुत खराब होता है। सोचें, शिक्षा के क्षेत्र में भारत ने पिछले 75 साल में क्या हासिल किया है? जो सक्षम हैं वे अपने बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाते हैं और बहुसंख्यक लोग सरकारी स्कूलों में बहुत खराब शिक्षा हासिल करते हैं। इस पैमाने पर भी भारत दक्षिण एशिया में अफगानिस्तान के करीब है। बाकी देश भारत से काफी आगे हैं।

संयुक्त राष्ट्र संघ की ओर से दुनिया भर के देशों का मानव विकास सूचकांक तैयार किया जाता है। पिछले दिनों 191 देशों की सूची जारी हुई, जिसमें 2021-22 में भारत 132वें स्थान पर रहा। चीन 79वें स्थान पर है। मार्च में लोकतंत्र की स्थिति को लेकर एक रिपोर्ट जारी हुई और दुनिया के देशों की सूची बनी, जिसमें भारत 93वें स्थान पर रहा। लोकतंत्र की स्थिति में दक्षिण एशिया में भारत का स्थान पाकिस्तान से जरूर ऊपर रहा लेकिन नेपाल, श्रीलंका और भूटान से नीचे रहा। प्रेस की आजादी की रैंकिंग में इस साल भारत 150वें स्थान पर पहुंच गया है। पिछले साल भारत की रैंकिंग 142वीं थी, लेकिन 2022 में आठ स्थान और गिर कर यह 150वें स्थान पर पहुंच गया है। मानवाधिकारों की स्थिति में 162 देशों की सूची में भारत 111वें स्थान पर है। दुनिया भर के देशों में धार्मिक आजादी की स्थिति का आकलन करने वाली अमेरिकी संस्था यूएस कमीशन अन इंटरनेशनल रिलिजियस फ्रीडम ने भारत को चिंता वाले देशों में रखा है। भारत अफगानिस्तान, पाकिस्तान, चीन, उत्तर कोरिया और सऊदी अरब की श्रेणी में रखा गया है। पर्यावरण के क्षेत्र में काम करने यानी प्रदर्शन के लिहाज से भारत दुनिया के 180 देशों की सूची में सबसे नीचे है। इसे वर्ल्ड इकोनमिक फोरम ने तैयार किया है। हेनली पासपोर्ट रैंकिंग में भारत 83वें स्थान पर है।

मजेदार बात है कि भारत की ओर से इस तरह के हर सर्वेक्षण को, हर रैंकिंग को खारिज कर दिया जाता है। लेकिन अमेरिका की एक संस्थान मर्निंग कंसल्ट सिर्फ दो हजार लोगों से बातचीत करके एक सूचकांक जारी करता है, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर साल सबसे लोकप्रिय नेता चुने जाते हैं। उसे भारत उछलते हुए मानता है। सोचें, संयुक्त राष्ट्र संघ की एजेसियों, वर्ल्ड इकोनमिक फोरम, अमेरिकी सरकार आदि की रिपोर्ट को तो फ्रड बता कर खारिज करते है लेकिन मर्निंग कंसल्ट नाम की एक निजी कंपनी के सर्वे का भारत में प्रचार होता है। तभी सवाल है कि दुनिया जिस रैंकिंग पर यकीन करती है, उसे हम खारिज करते हैं तो क्या पूरी दुनिया फ्रड कर रही है और हम सच्चे हैं या दुनिया सच्ची है और हम फ्रड कर रहे हैं?

# कैसे करें प्रदूषण को काबू?




**वेद प्रताप वैदिक**

दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्रक्र के सीमांत क्षेत्रों में प्रदूषण इतना बढ़ गया है कि इन प्रांतों ने तरह-तरह के प्रतिबंधों और सावधानियों की घोषणा कर दी है। जैसे बच्चों की पाठशालाएं बंद कर दी हैं, पुरानी कारें सड़कों पर नहीं चलेंगी, बाहरी ट्रक दिल्ली में नहीं घुस पाएंगे, सरकारी कर्मचारी ज्यादातर काम घर से ही करेंगे। लोगों से कहा गया है कि वे मुखपट्टी का इस्तेमाल बढ़ाएं, घर के खिड़की-दरवाजे प्रायरू बंद ही रखें और बहुत जरुरी होने पर ही बाहर निकलें।

ये सब बातें तो ठीक हैं और मौत का डर ऐसा है कि इन सब निर्देशों का पालन लोग-बाग सहर्ष करेंगे ही लेकिन क्या प्रदूषण की समस्या इससे हल हो जाएगी? ऐसा नहीं है कि खेती सिर्फ भारत में ही होती है और खटारा ट्रक और मोटरें भारत में ही चलती हैं। भारत से ज्यादा ये अमेरिका, यूरोप और चीन में चलती हैं। वहां हमसे ज्यादा प्रदूषण हो सकता है लेकिन वहाँ क्यों नहीं होता? क्योंकि वहां की जनता और सरकार दोनों सजग हैं और सावधान हैं।

चीन ने पिछले कुछ साल में 40 प्रतिशत प्रदूषण कम किया है और हमारी दिल्ली प्रदूषण के रेकार्ड तोड़ रही है। इसकी गिनती दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में होती है। दिल्ली में दो सरकारें हैं। वे निढाल साबित हो रही हैं। अब कुछ लोग सर्वोच्च न्यायालय की शरण में जा रहे हैं। प्रदूषण रोकने के लिए अदालत का दरवाजा खटखटाया जाए, क्या यह बात किसी भी सरकार और जनता के लिए शोभनीय है?

सरकारों ने इस दिशा में कुछ कोशिश जरुर की है। उन्होंने हजारों करोड़ रुक़ की सहायता करके किसानों को मशीने दिलवाई हैं ताकि वे पराली का चूरा करके उसे खेतों में दबा सकें लेकिन हमारे किसान भाई अपने घिसे-पिटे तरीकों से चिपटे हुए हैं। उनकी मशीनें पड़ी-पड़ी जंग खाती रहती हैं। पंजाब और हरियाणा में पिछले 15 दिनों में पराली जलाने के कई हजार मामले सामने आए हैं लेकिन उनको दंडित करनेवाला कोई आंकड़ा कहीं प्रकट नहीं हो रहा है। सभी पार्टियां एक-दूसरे की टांग खींचने में मुस्तैदी दिखा रही हैं लेकिन वोट के लालच में फंसकर वे लाचार हैं।

यदि पराली जलाने वाले दस-बीस दोषियों को भी दंडित किया गया होता तो हजारों किसान उनसे सबक सीखते। हमारे किसान लोग बहुत भले हैं। उनमें अद्भुत परंपरा प्रेम होता है। सरकारों, समाजसेवियों और धर्मध्वजियों को चाहिए कि वे हमारे किसानों को प्रदूषण-मुक्ति के लिए प्रेरित करें। उनकी प्रेरणा का महत्व सरकारी कानूनों से कहीं ज्यादा उपयोगी सिद्ध होगा।

यदि हम भारतीय लोग इस दिशा में कुछ ठोस काम करके दिखा सकें तो मुझे पूर्ण विश्वास है कि लाहौर और काठमांडो जैसे पड़ौसी देशों के शहर भी प्रदूषण-मुक्त हो सकेंगे। प्रदूषित या स्वच्छ हवा को आप शासकीय और राष्ट्रीय सीमा में बांधकर नहीं रख सकते। उसके एक देश से दूसरे देश में जाने के लिए पासपोर्ट और वीजा की जरुरत नहीं होती।

# अब तो भ्रम से निकलें!

**यूरोप गर्म होती दुनिया की लाइव तस्वीर पेश कर रहा है और बता रहा है कि अच्छी तरह तैयार समाज भी मौसमी अति की घटनाओं से सुरक्षित नहीं हैं। गौरतलब है कि 1991 से 2021 के बीच यूरोप का औसत तापमान हर दशक में 05 डिग्री सेल्सियस बढ़ा। इसी समयावधि में बाकी दुनिया का तापमान हर दसवें साल में 02 डिग्री सेल्सियस के औसत से बढ़ा। 2021 में जलवायु परिवर्तन की वजह से यूरोप में इतनी मौसमी आपदाएं आईं कि 50 अरब डलर का नुकसान हुआ। ताजा रिपोर्ट ने बताया है कि यूरोप का ज्यादातर इलाका उप-आर्कटिक और आर्कटिक क्षेत्रों से मिलकर बना है।**

अब समय है, जब धनी देशों की आंख खुले। जिस समय दुनिया जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के 27वें सम्मेलन के लिए तैयार हो रही है, ये तथ्य सामने आया है कि ग्लोबल वर्मिग के कारण सबसे ज्यादा गर्म यूरोप का वातावरण हुआ है।

अगर धनी देश इस भ्रम में थे कि अपनी समृद्धि और व्यवस्थागत कौशल के कारण वे जलवायु परिवर्तन की मार से बचे रहेंगे, तो अब उनकी आंख खुल जानी चाहिए। जिस समय दुनिया जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र के 27वें सम्मेलन के लिए तैयार हो रही है, ये तथ्य सामने आया है कि ग्लोबल वर्मिग के कारण सबसे ज्यादा गर्म यूरोप का वातावरण हुआ है। साफ है कि जलवायु परिवर्तन की मार देर-सबेर सब पर पड़ेगी। ताजा रिपोर्ट गैर सरकारी संस्था-विश्व मौसम विज्ञान संस्थान (डब्लूएमओ) ने जारी की है। उसके मुताबिक गुजरे 30 साल में पृथ्वी के दूसरे भूभागों की तुलना में यूरोप करीब दोगुनी तेजी से गर्म हुआ है। रिपोर्ट के मुताबिक इस गर्मी की वजह से यूरोप भीषण सूख भी झेल रहा है और तेजी से आल्प्स के ग्लेशियर भी खो रहा है। यह गर्मी भूमध्यसागर को भी तपा रही है।

यूरोप गर्म होती दुनिया की लाइव तस्वीर पेश कर रहा है और बता रहा है कि अच्छी तरह तैयार समाज भी मौसमी अति की घटनाओं से सुरक्षित नहीं हैं। गौरतलब है कि 1991 से 2021 के बीच यूरोप का औसत तापमान हर दशक में 05 डिग्री सेल्सियस बढ़ा। इसी समयावधि में बाकी दुनिया का तापमान हर दसवें साल में 02 डिग्री सेल्सियस के औसत से बढ़ा। 2021 में जलवायु परिवर्तन की वजह से यूरोप में इतनी मौसमी आपदाएं आईं कि 50 अरब डलर का नुकसान हुआ। ताजा रिपोर्ट ने बताया है कि यूरोप का ज्यादातर इलाका उप-आर्कटिक और आर्कटिक क्षेत्रों से मिलकर बना है। इस वजह से गर्मियों में यूरोप के ऊपर कम बादल मंडरा रहे हैं, जिससे सूरज की सीधी किरणें सतह पर पहुंचकर तपिश पैदा कर रही हैं। कुछ वैज्ञानिक यूरोप को हीटवेब का हटस्पट कह रहे हैं। छह नवंबर से मिस्र एक शर्म अल शेख में विश्व जलवायु सम्मेलन कप-27 शुरू हो रहा है। अगर धनी देशों की आंख कुल गई हो, तो उनके नेता वे वहां कुछ ऐसे फैसले ले सकते हैं, जिससे धरती के तापमान में वृद्धि को रोका जा सकेगा। ऐसे कदम उठाए गए, तो सारी दुनिया सुरक्षित होगी।

# फिर टुकड़े टुकड़े गैंग की चर्चा

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार चुनाव प्रचार नहीं कर रहे हैं। वे कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा का नेतृत्व कर रहे हैं। इस वजह से वे गुजरात और हिमाचल प्रदेश में चुनाव प्रचार करने नहीं गए हैं। उनके नहीं होने से उनकी पार्टी के लोग भी प्रचार में उनका नाम नहीं लेते हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने चार रैलियां की हैं लेकिन राहुल गांधी के नाम पर वोट नहीं मांगा है। भले कांग्रेस के लोग राहुल का जिक्र नहीं कर रहे हैं लेकिन भाजपा के बड़े नेता अब भी उनके नाम की चर्चा जरूर करते हैं। पिछले दिनों भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने टुकड़े टुकड़े गैंग की बात टेड़ी और राहुल गांधी को उसके साथ जोड़ा।

जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ जुड़े हैं। इस पर एक दिलचस्प ट्विट राष्ट्रीय जनता दल के सांसद मनोज झा ने किया। उन्होंने नड्डा से कहा कि इसमें कुछ कंफ्यूजन है क्योंकि संसद में पूटे जाने पर सरकार की ओर से सांसदों को बताया गया कि टुकड़े टुकड़े गैंग जैसी किसी चीज का अस्तित्व नहीं है। जब केंद्र सरकार खुद ही कह रही है कि ऐसा कोई गैंग नहीं है फिर राहुल कैसे उससे जुड़े हैं? लेकिन चुनाव प्रचार में तर्क की बात कहां कोई करता है! बहरहाल, अनुराग ठाकुर ने भी इसका जिक्र टेड़ा और कहा कि राहुल गांधी टुकड़े टुकड़े गैंग के साथ यात्रा कर रहे हैं। इसके बाद उन्होंने सवालिया लहजे में कहा क्या इसी वजह से प्रियंका गांधी उनकी यात्रा में नहीं शामिल हुई हैं?

## जी20 समिट में नहीं जाएंगे रूसी राष्ट्रपति पुतिन, बाइडेन ने भी रखी थी शर्त

**मास्को ,(एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन जी20 में शामिल नहीं होंगे। जी20 समिट इंडोनेशिया के बाली में 15-16 नवंबर को होना है। पुतिन की जगह रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव वर्चुअली शामिल होंगे। हालांकि इंडोनेशिया में रूसी एंबेसी के चीफ अफ प्रोटोकल यूलिया टम्स्काया ने कहा- हम कोशिश कर रहें है कि पुतिन भी वर्चुअली शामिल हो सकें।

बता दें कि बाइडन ने पहले ही साफ कर दिया था कि अगर पुतिन अगर बाली आए, तब भी वे उनसे अलग से मुलाकात नहीं करेंगे। जबकि अमेरिका के साथ बढ़ते तनाव के बावजूद चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने संकेत दिया है कि बाली में उनकी बाइडन के साथ द्विपक्षीय वार्ता हो सकती है। पुतिन के बाली जाकर जी20 में शामिल नहीं होने का फैसला ऐसे समय लिया गया है जब रूसी सेना यूक्रेन के साथ हो रही जंग में पिछड़ रही है।

## माले में आग में जिंदा जल गए 9 भारतीय

**माले ,(एजेंसी)।** मालदीव की राजधानी माले में विदेशी कामगारों के लिए बनाए गए घरों में आग लग गई। इस हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई जिनमें 9 भारतीय हैं। इस हादसे में कुछ लोग झुलसे भी हैं। झुलसे लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। दमकल सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि उन्हें आग को काबू पाने में चार घंटे का समय लगा।

मृतकों में नौ भारतीय और एक बांग्लादेशी नागरिक शामिल हैं। आग बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर के कार रिपेयरिंग गैराज में लगी थी। इंडियन हाई कमीशन ने माले में आग लगने की इस घटना पर शोक जताया है, जिसमें 9 भारतीय नागरिकों समेत कुल 10 लोगों की मौत हुई है। भारतीय दूतावास ने कहा कि वह इस घटना को लेकर मालदीप सरकार के संपर्क में बने हुए हैं।

## यूक्रेन ने यूरोपीय संघ के सहायता पैकेज का स्वागत किया

**कीव ,(एजेंसी)।** यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लोडिमिर जेंलेस्की ने यूरोपीय आयोग के यूक्रेन के लिए अगले साल के लिए अठारह अरब यूरो तक के समर्थन पैकेज के प्रस्ताव के निर्णय का स्वागत किया है। श्री जेलेंस्की ने ट्वीट किया श्2023 के लिए अठारह अरब यूरो की वित्तीय सहायता पैकेज की घोषणा करने के लिए यूरोपीय आयोग और उसकी अध्यक्ष उर्सुला वन डेर लेयन का आभारी हूं। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह यूक्रेन के साथ यूरोपीय संघ की सच्ची एकजुटता को दर्शाता है। इससे पहले दिन में यूरोपीय आयोग ने यूक्रेन को सहायता पैकेज देने का प्रस्ताव दिया। उन्होंने कहा कि प्रति माह औसतन 15 अरब यूरो की सहायता से यूक्रेन को 2023 के लिए अपनी अल्पकालिक वित्त पोषण जरूरतों के एक महत्वपूर्ण हिस्से को पूरा करने में मदद मिलेगी।

## लखनऊ चिडियाघर की शेरनी गंभीर रूप से बीमार

**लखनऊ,(एजेंसी)।** लखनऊ चिडियाघर में सात वर्षीय शेरनी पिंकी की हालत बुधवार से गंभीर हो गई है।

शेरनी पिंकी वसुंधरा और उसके साथी पृथ्वी से पैदा हुए चार शावकों में सबसे छोटी है, जिन्हें 2014 में चिडियाघर लाया गया था। चिडियाघर के सहायक निदेशक डा उत्कर्ष शुक्ला ने कहा, पिंकी जन्म से ही शारीरिक रूप से कमजोर रही है और अपनी उम्र की शेरनी से आधी के आकार की है। वह जन्म के समय भी आंशिक रूप से अंधी थी और धींरे-धींरे उसकी दृष्टि पूरी तरह से चली गई थी। अब उसकी हालत खराब हो गई है।

# पूर्वोत्तर में रेलवे चीनी सीमा तक बिछाएगी पटरिया

## सुरक्षा के नजरिये से होगा इनका महत्व



**गुवाहाटी, एजेंसी।** देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेल नेटवर्क को मजबूत करने के लिए भारतीय रेलवे ने पड़ोसी देश भूटान को जोड़ने के अलावा अरुणाचल प्रदेश, सभी राज्यों की राजधानियों में चीन की सीमा तक पटरियां यानी रेलवे ट्रैक बिछाने की योजना बनाई है। भारतीय रेलवे चीन सीमा पर भालुकपोंग से तवांग तक और सिलपाथर से अलांग वाया बामे तक रेलवे लाइनों का निर्माण करेगी। बनकर तैयार होने के बाद सामरिक महत्व की होगी क्योंकि यह कम से कम समय में सीमावर्ती क्षेत्रों को जोड़ेगी।

रेल मंत्रालय के अनुसार अरुणाचल प्रदेश में इन नई रेलवे परियोजनाओं का फाइनल लोकेशन सर्वे जोरों पर है।पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी (सीपीआरओ) सब्यसाची डे ने बताया कि पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे ने अरुणाचल प्रदेश समेत पूर्वोत्तर क्षेत्र में कुछ और नई रेलवे परियोजनाओं के निर्माण की योजना बनाई है। भालुकपोंग से तवांग, सिलापाथर से अलांग वाया बामे तक एक नई रेलवे लाइन बनाने और मुरकोंगसेलेक से पासीघाट तक रेलवे लाइन का विस्तार करने की योजना है।

लंका से असम में चंद्रनाथपुर तक दूसरी रेलवे लाइन बनाने की योजना है जो असम के दीमा हसाओ जिले के पहाड़ी खंड में बाईपास होगा। इस साल की शुरुआत में बाढ़ और भूस्खलन के कारण दीमा हसाओ के कुछ हिस्से में रेलवे ट्रैक उखड़ गए थे, जिनकी युद्ध स्तर पर मरम्मत की गई है और अब पूरी तरह से काम कर रहे हैं। रेलवे की योजना पड़ोसी देश भूटान को भी जोड़ने की है। रेलवे के माध्यम से भूटान को जोड़ने की योजना बनाई गई है और नई रेलवे लाइन कोकराझार (असम में) से भूटान के गेलेफू तक होगी। यह नई रेलवे लाइन करीब 58 किमी लंबी होगी।

पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे सीपीआरओ ने कहा कि क्षेत्र में नई रेलवे परियोजनाओं का कुल खर्च करीब 1.15 लाख करोड़ रुपये है। इन परियोजनाओं का दायरा नई लाइनों, दोहरीकरण, स्टेशन विकास, विद्युतीकरण से लेकर है। कनेक्टिविटी परियोजनाएं पूरे जोरों पर चल रही हैं। मिजोरम और मणिपुर की राजधानियों को जोड़ा जा रहा है। एक वर्ष में नगालैंड और सिक्किम की राजधानियों से जुड़ सकेंगे। गुवाहाटी के लिए दो मुख्य लाइनें जो नई हैं बोंगाईगांव-रंगिया-कामाख्या, और न्यू बोंगाईगांव-गोलपारा-कामाख्या दोगुने हो रहे हैं। हमने विद्युतीकरण भी किया है, हम अब गुवाहाटी से आगे जा रहे हैं।

लुमडिंग से तिनसुकिया तक लाइन को दोहरीकरण करने की भी योजना बनाई गई है। अगले साल के अंत तक पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे में पूरे रेलवे नेटवर्क को विद्युतीत करने की योजना बनाई है। इसके कुछ स्टेशनों कामाख्या, न्यू जलपाईगुड़ी, अगरतला, सिलचर और न्यू तिनसुकिया स्टेशनों को विश्व स्तरीय स्टेशनों के रूप में विकसित किया जाएगा। राजधानी स्टेशनों को भी विश्वस्तरीय स्टेशनों के रूप में विकसित किया जाएगा और इन स्टेशनों में उस स्थान की संसति और इतिहास को प्रतिबिंबित करने का प्रयास होगा।

पूर्वोत्तर मंडल में देश में सबसे अधिक हाथी कारिडोर हैं और इसने रेलवे लाइनों में जानवरों का पता लगाने के लिए श्घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणालीश नामक एक प्रणाली विकसित की है। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे लाइनों में जानवरों का पता लगाने के लिए घुसपैठ का पता लगाने वाली प्रणाली शुरू करने तैयारी है। यह एक त्रिम बुद्धि आधारित आप्टिकल फाइबर सिस्टम है जिसमें हाथियों के रेलवे ट्रैक के पास आने का पता लगाने की क्षमता है।

## टीचर ने घर का बचा प्रसाद स्कूल में बांटा, दर्जनों बच्चों को हुआ फूड प्वाइजनिंग

**भरतपुर, एजेंसी।** राजस्थान के करौली में एक स्कूल के 12 से ज्यादा बच्चे एक साथ गंभीर रूप से बीमार हो गए। सभी बच्चों को फूड पइजनिंग हो गया। यह घटना खेड़ली गांव के राजकीय प्राइमरी स्कूल की है। बच्चों की हालत खराब होने के बाद उन्हें हस्पिटल में भर्ती कराया गया है। आप को यह जानकार बहुत हैरानी होगी कि बच्चों की तबियत प्रसाद खाने से खराब हुई है। जी हां, स्कूल की टीचर ने बच्चों को प्रसाद दिया जिसे बच्चों ने खाया। कुछ ही देर बाद सभी बच्चों की तबियत खराब हो गई।मिली जानकारी के अनुसार, स्कूल टीचर के घर में पिछले शनिवार को सवामणी कार्यक्रम के दौरान चूरमा का प्रसाद बना था। घर में प्रसाद बच गया तो वह उसे स्कूल में लेकर आई। बचे हुए प्रसाद को टीचर ने बच्चों को दिया। चूरमा खाने के बाद बच्चों का पेट दर्द होने लगा। कईयों ने उल्टी भी की। सभी बच्चे कुछ ही देर में गंभीर रूप से बीमार पड़ गए।एक साथ दर्जनों बच्चों से ज्यादा के बीमार पड़ने की जानकारी मिलते ही उप जिला कलेक्टर नरेंद्र कुमार मीणा हस्पिटल पहुंचे।

# इमरान की धमकी : हत्या की साजिश में शामिल एक और वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का नाम लूंगा

**लाहौर ,(एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान ने दावा किया कि उन्होंने वजीराबाद हमले से करीब छह हफ्ते पहले अपनी हत्या की साजिश का पदार्फाश किया था और इसमें शामिल एक दूसरे सैन्य अधिकारी के नाम का पदार्फाश भी करेंगे। ट्विटर पर अपने सत्यापित खाते से पोस्ट किए गए संदेशों की एक श्रृंखला में खान ने कहा कि उन्होंने लगभग दो महीने पहले उनके खिलाफ रची गई हत्या की साजिश का पता लगाया था।

इमरान ने ट्वीट किया, मैंने लगभग दो महीने पहले मेरे खिलाफ रची गई हत्या की साजिश का पता लगाया था और आरवाईके 24 सितंबर और मियांवाली 7 अक्टूबर की सार्वजनिक रैलियों में इसका पदार्फाश किया था। वजीराबाद में मेरी हत्या की कोशिश स्क्रिप्ट के मुताबिक की गई। उनके ट्वीट में संबंधित सार्वजनिक रैलियों के दो वीडियो शामिल थे, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे सरकार ने उन पर कथित तौर पर ईशनिंदा का आरोप लगाया और यहां तक कि यह साबित करने के लिए कि उन्होंने ईशनिंदा की, एक टेलीविजन कार्यक्रम भी चलाया।

उन्होंने वीडियो में कहा कि बंद दरवाजों के पीटे बैठे चार लोगों ने मेरी हत्या करने का प्लान बनाया था। समा टीवी के मुताबिक, इमरान ने कहा, अब अगर कोई मेरी हत्या करता है, तो वे कहेंगे कि एक धार्मिक कट्टरपंथी ने ऐसा किया। उन्होंने कहा, एक वीडियो रिकर्ड किया था, जिसे विदेश में रखा गया था और इसमें मैंने उन चार लोगों का नाम लिया था, जिन्होंने मुझे मारने की साजिश रची थी।

प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, गृहमंत्री राना सनाउल्लाह और एक वरिष्ठ सैन्य खुफिया अधिकारी सहित उनकी हत्या की साजिश रचने के लिए पहले से ही जिम्मेदार तीन लोगों को नामित करने के बाद इमरान ने शामिल एक अन्य वरिष्ठ सैन्य अधिकारी का नाम लेने की धमकी दी।

# अफगानिस्तान में महिलाओं के जिम जाने पर लगा प्रतिबंध, तालिबान ने जारी किया नया फरमान



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में महिलाओं के अधिकारों का लगातार गला घोटा जा रहा है। देश की सत्ता पर तालिबान के काबिज होने के बाद से महिलाओं की स्थिति बद से बदतर हो गई है। पिछले साल के अगस्त माह से काबुल में तालिबान की सरकार है और तब से ही यहां की महिलाओं के अधिकारों का हनन किया जा रहा है। महिलाओं की आजादी के खिलाफ एक बार फिर तालिबान ने महिलाओं को लेकर एक हुक्म जारी की है। वहीं अब अफगानिस्तान में महिलाओं के जिम जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

तालिबान के एक साल से अधिक समय पहले सत्ता संभालने के बाद से महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता पर नकेल कसने का यह एक नया फरमान है। तालिबान ने इससे पहले देश में माध्यमिक और उच्चतर विद्यालय जाने पर लड़कियों पर प्रतिबंध लगा दिया है, महिलाओं को रोजगार के ज्यादातर क्षेत्रों में प्रतिबंधित कर दिया है और महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सिर से लेकर पैर तक बुर्के में ढके रहने का आदेश दिया था।

धार्मिक मामलों के मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि यह प्रतिबंध लगाया जा रहा है क्योंकि लोग आदेशों की अनदेखी कर रहे थे और महिलाओं ने हिजाब पहनने संबंधी नियमों का पालन नहीं किया। महिलाओं के पार्क में जाने पर भी पाबंदी है। महिलाओं के जिम और पार्क में जाने पर प्रतिबंध इसी हफ्ते से लागू हो गया है। प्रवक्ता ने कहा, ज्यादातर मौकों पर हमने पुरुषों और महिलाओं, दोनों को एकसाथ कई पार्क में देखा है और दुर्भाग्य से उन्होंने हिजाब नहीं पहन रखा था। इसलिए हमें एक और निर्णय लेना पड़ा और हमने सभी पार्क और जिम को महिलाओं के लिए बंद करने का आदेश दिया।

## ग्वालियर-चंबल में पुलिस के लिए सिरदर्द बना डकैत गुड्डा गिरफ्तार

**ग्वालियर/मुरैना ,(एजेंसी)।** मध्यप्रदेश के ग्वालियर-चंबल इलाके मे पुलिस के लिए सिरदर्द बने डकैत गुड्डा गुर्जर को पुलिस ने बीती रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की।

मुठभेड़ के दौरान गुड्डा के पैर में गोली लगी है। गुड्डा ग्वालियर-चंबल इलाके की पुलिस के लिए चुनौती बन गया था और लगातार उसके अपराध बढ़ते जा रहे थे।

बीते दिनों मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी इस डकैत के सफाए के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए थे, उसी के चलते मुरैना और ग्वालियर की सीमा पर चौकसी बढ़ा दीघ् गई थी। गुड्डा गिरोह के भंवर पुरा घाटीगांव की सीमा पर सक्रिय होने की सूचना मिली थी।

# अमेरिका से लेकर आस्ट्रेलिया तक भारतीय मोटे अनाज को खिलाने की तैयारी, निर्यात को किया जाएगा प्रोत्साहित



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अमेरिका से लेकर आस्ट्रेलिया तो जापान से लेकर जर्मनी तक मोटे अनाज के स्वाद को लोकप्रिय बनाने जा रहा है। वाणिज्य व उद्योग मंत्रालय ने मोटे अनाज के निर्यात को प्रोत्साहित करने की विस्तृत योजना बनाई है, जिसके तहत अगले एक साल तक दुनिया भर में होने वाले अंतरराष्ट्रीय मेले के साथ क्रेता-विक्रेता बैठक में मोटे अनाज के निर्यातक और किसानों को हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

संयुक्त राष्ट्र पहले ही वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष घोषित कर चुका है और दुनिया के 72 देश इसका समर्थन कर रहे हैं। इस साल दिसंबर से मोटे अनाज के निर्यात प्रोत्साहन का कार्यक्रम शुरू हो जाएगा। गत वित्त वर्ष 2021-22 में भारत ने 34.3 करोड़ डलर के मोटे अनाज का निर्यात किया था।मंत्रालय ने दक्षिण अफ्रीका, दुबई, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, सऊदी अरब, सिडनी, बेल्जियम, जर्मनी, ब्रिटेन तथा अमेरिका में मोटे अनाजों को बढ़ावा देने के कार्यक्रम बनाए हैं। इसके अलावा अन्य देशों में स्थित भारतीय दूतावास के जरिए मोटे अनाज की बिक्री की जाएगी।

भारतीय मोटे अनाजों को प्रोत्साहित करने के लिए गुलफूड 2023, फूडेक्स, सोल फूड एंड होटल शो, सउदी एग्रो फूड, सिडनी के फाइन फूड शो, बेल्जियम के फूड और बेवरेज शो, जर्मनी के बायोफैक और अनुगा फूड फेयर, सेन फ्रैंसिस्को के विंटर फैंसी फूड शो जैसे वैश्विक प्लेटफार्म पर मोटे अनाजों और उसके उत्पादों को दिखाने की योजना बनाई गई है।

भारत प्रमुख रूप से यूएई, नेपाल, लीबिया, ओमान, मिस्त्र, ट्यूनीशिया, यमन, ब्रिटेन तथा अमेरिका को मोटे अनाज का निर्यात करता हैं। इन मोटे अनाज में बाजरा, रागी, कनेरी, जवार और कुट्टू शामिल हैं। मोटे अनाज आयात करने वाले प्रमुख देशों में इंडोनेशिया, बेल्जियम, जापान, जर्मनी, मेक्सिको, इटली, अमेरिका, ब्रिटेन, ब्राजील और नीदरलैंड शामिल हैं और इन सभी देशों में भारत के मोटे अनाज की पैठ बनाना मंत्रालय का लक्ष्य है।

# तालिबानी शासन का नया फरमान, अफगानिस्तान में महिलाओं के जिम जाने पर रोक



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान पर कब्जा करने के बाद से तालिबान अब तक कई फरमान जारी कर चुका है। गुरुवार को तालिबान ने अफगानिस्ता नमें महिलाओं के जिम जाने पर प्रतिबंध लगा लगा दिया है। तालिबान के एक साल से अधिक समय पहले सत्ता संभालने के बाद से महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता पर नकेल कसने का यह नया फरमान है।

तालिबान पिछले साल अगस्त 2021 में सत्ता पर काबिज हुआ था। उन्होंने देश में माध्यमिक और हाई स्कूल जाने पर लड़कियों पर प्रतिबंध लगा दिया है, महिलाओं को रोजगार के ज्यादातर क्षेत्रों में प्रतिबंधित कर दिया है और महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर सिर से लेकर पैर तक बुर्के में ढके रहने का आदेश दिया था।

धार्मिक मामलों के मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने कहा कि प्रतिबंध लगाया जा रहा है क्योंकि लोग आदेशों की अनदेखी कर रहे थे और महिलाओं ने हिजाब पहनने संबंधी नियमों का पालन नहीं किया। महिलाओं के पार्क में जाने पर भी पाबंदी है। महिलाओं के जिम और पार्क में जाने पर प्रतिबंध इसी हफ्ते से लागू हो गया है।प्रवक्ता ने कहा, श्लेकिन, दुर्भाग्य से, आदेशों का पालन नहीं किया गया और नियमों का उल्लंघन किया गया और हमें महिलाओं के लिए पार्क और जिम बंद करने पड़े। उन्होंने कहा, श्ज्यादातर मौकों पर हमने पुरुषों और महिलाओं, दोनों को एकसाथ कई पार्क में देखा है और दुर्भाग्य से उन्होंने हिजाब नहीं पहन रखा था। इसलिए हमें एक और निर्णय लेना पड़ा और हमने सभी पार्क और जिम को महिलाओं के लिए बंद करने का आदेश दिया।

## जैकलीन फर्नांडीज की मुश्किलें बढ़ीं

**मुंबई ,(एजेंसी)।** 200 करोड़ के मनी लन्ड्रिंग केस में आज बलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडीज की नियमित जमानत याचिका पर आज पटियाला हाउस कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका पर 11 नवंबर को फैसला आएगा। आज सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा कि जैकलीन के खिलाफ पर्याप्त सबूत हैं, इसलिए उन्हें नियमित जमानत न दी जाए। कोर्ट ने श्वष्ठ से पूछा कि अगर सबूत हैं तो आपने जैकलीन को अब तक अरेस्ट क्यों नहीं किया?

सुनवाई के वक्त पटियाला हाउस कोर्ट में जैकलीन के साथ पिंकी ईरानी भी मौजूद थीं।पिंकी पर सुकेश से पैसा लेकर जैकलीन तक पहुंचाने का आरोप है। सुनवाई के दौरान जैकलीन ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) पर उनको परेशान करने का आरोप लगाया है।

## 35 साल से फरार हत्या का दोषी गिरफ्तार

**लखनऊ,(एजेंसी)।** करीब 35 साल तक गिरफ्तारी से बचने के बाद हत्या का एक दोषी आखिरकार पुलिस के जाल में फंस गया। लखनऊ के दौलतगंज इलाके का निवासी 59 वर्षीय प्रकाश शर्मा उसके सहयोगी राजेंद्र ने मार्च 1985 में जयशंकर मिश्रा नामक शख्स की चाकू मारकर हत्या कर दी थी। मिश्रा की पत्नी सुमन ने मामले की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था। 1987 में उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। जमानत मिलने पर उसने सजा के खिलाफ उच्च न्यायालय में अपील की। बाद में वह फरार हो गया और दिल्ली में पहचान बदलकर रहने लगा।पुलिस ने बताया कि फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अपरेशन प्रहार अभियान के तहत पुलिस ने पहले प्रकाश शर्मा के एक दूर के रिश्तेदार को ट्रैक किया। उसने कोई जानकारी होने से इनकार किया, लेकिन पुलिस ने निगरानी जारी रखी और दोषी के नाम पर खातों से किए गए लेनदेन का पता लगाया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि, जब प्रकाश ने दो लेन-देन किए तो पुलिस की एक टीम ने उसके रिश्तेदार से पूछताछ की। इस पूछताछ में प्रकाश के नए स्थान का पता चल गया।ठाकुरगंज थाने की पुलिस और लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट के वेस्ट जोन की सर्विलांस टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया। एडीसीपी वेस्ट जोन चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि प्रकाश 1987 से फरार था। वह दिल्ली में फर्जी नाम से सुरक्षा गार्ड की नौकरी कर रहा था। पुलिस ने छापेमारी कर उसे पकड़ लिया।

# जेल में खुद से और दीवारों से करता था बात : संजय राउत

**मुंबई ,(एजेंसी)।** आर्थर रोड सेंट्रल जेल (एआरसीजे) की सलाखों के पीटे 101 दिन बिताने के बाद बाहर आए शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने गुरुवार को कहा यह एक कठिन समय था। सहज दिख रहे राउत ने कहा, मैं एकांत कारावास में था, बाहरी दुनिया से कोई संपर्क नहीं था, मुझे खुद से या जेल की दीवारों से बात करनी थी। मैंने तीन महीने से अधिक समय के बाद पहली बार घड़ी पहनी।उन्होंने कहा कि जेल की कोठरी में तीन माह बिताने के बाद वह आश्चर्यचकित हैं कि कैसे विष्णु दामोदर सावरकर ने 10 साल और बाल गंगाधर लोकमान्य तिलक ने छह साल जेल में बिताए, या आपातकाल के दौरान (पूर्व पीएम) अटल बिहारी वाजपेयी दो साल जेल में रहे।एक निजी अस्पताल में इलाज के लिए जा रहे राउत ने कहा, जेल की सजा अच्छी नहीं है, मैंने बहुत कुछ सहा है, मेरे परिवार ने भी बहुत कुछ खोया है। किसी को बिना किसी कारण के जेल भेजना गलत है।राउत ने कहा कि उन्हें प्रवर्तन निदेशक (ईडी) या उन लोगों के खिलाफ कोई शिकायत नहीं है, जिन्होंने उन्हें जेल भेजने की साजिश रची।

# बच्चे को हेलीकाप्टर में बिठाकर योगी आदित्यनाथ ने किया दुलार, बिस्कुट भी दिया



**मंडी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंडी से ऊना रवाना होने से पहले एक बच्चे को अपने साथ हेलीकाप्टर में बिठाया। उनका हेलीकाप्टर मंडी जिला के बल्ह विधानसभा क्षेत्र के ढांगू मैदान में उतरा था। कंसा चौक व धनोटू में रैली करने के बाद जब वह ऊना जाने के लिए ढांगू पहुंचे तो बड़ी संख्या में लोग वहां भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ पहुंच गए। बच्चे को गोदी में उठाकर एक महिला कार्यकर्ता योगी से मिलने पर अड़ गई, लेकिन वहां तैनात पुलिस जवानों ने इसकी अनुमति नहीं दी। योगी आदित्यनाथ को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने पुलिस जवान को भेजकर महिला की गोदी से बच्चे को लाने को कहा। जवान बच्चे को लेकर आया। योगी ने बच्चे को थोड़ी देर के लिए हेलीकाप्टर में बिठाया और दुलारा। उन्होंने बच्चे को बिस्कुट का पैकेट भी दिया।

लाहुल स्पीति से भाजपा प्रत्याशी डा. रामलाल मार्कंडेय ने कहा कि भाजपा सरकार ने जिले का अथाह विकास किया है। इसे निरंतर जारी रखने के लिए डबल इंजन की सरकार का होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति की जनता को पता है कि केंद्र में मोदी सरकार व प्रदेश में जयराम सरकार के होने पर कई विकासात्मक परियोजनाएं धरातल पर उतरी हैं। जिले में विकास हुआ है लेकिन कांग्रेस नेताओं की नीयत ठीक न होने के कारण उन्हें दिखाई नहीं दे रहे।

मार्कंडेय ने वीरवार को बर्फ के फाहों के बीच उदयपुर से केलंग तक दौरा किया और अपनी विकासात्मक उपलब्धियों पर जनता से वोट मांगे। उन्होंने कहा कि लाहुल स्पीति की जनता भाजपा के पक्ष में वोट देने का मन बना चुकी है। इस बार जनता रिवाज बदलकर फिर भाजपा की सरकार बनाएगी। मार्कंडेय ने कहा कि भाजपा सरकार बनने पर विकास कार्यों को गति दी जाएगी और हर वर्ग को राहत देने के लिए प्रयास किए जाएंगे।

# सीएएस ने इक्वाडोर को फीफा विश्व कप में खेलने की मंजूरी दी



2026 विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान की शुरूआत में इक्वाडोर को भी तीन अंक दिए जाएंगे।रिपोर्ट के अनुसार, चिली महासंघ ने आरोप लगाया था कि पूर्ण पीठ वाले बायरन कैस्टिलो कोलंबियाई होने के बावजूद इक्वाडोर के लिए खेले थे, जिसे विश्व फुटबॉल शासी निकाय फीफा ने सितंबर के फैसले में खारिज कर दिया था।कैस ने कहा कि उसने इक्वाडोर के अधिकारियों की गवाही को स्वीकार किया है कि कैस्टिलो इक्वाडोर का नागरिक था।

सीएएस ने कहा, जबकि खिलाड़ी का इक्वाडोरियन पासपोर्ट प्रामाणिक था, उसमें प्रदान की गई कुछ जानकारी झूठी थी।

विशेष रूप से, पैनल संतुष्ट था कि खिलाड़ी की तारीख और जन्म स्थान गलत था क्योंकि खिलाड़ी का जन्म 25 जून 1995 को कोलंबिया के टुमाको में हुआ था।इक्वाडोर ने किसी भी गलत काम से इनकार किया है और एफईएफ के अधिकारियों ने कहा कि वे जुर्माना और अंक कटौती की अपील करने की संभावना का विश्लेषण कर रहे हैं।

क्विटो, इक्वाडोर इस साल के फीफा विश्व कप में खेलने के लिए स्वतंत्र होगा। कोर्ट ऑफ आर्बिट्रेशन फॉर स्पोर्ट (सीएएस) ने फैसला सुनाया कि उसने क्वालीफायर राउंड के दौरान किसी अपात्र खिलाड़ी को मैदान में नहीं उतारा।

अदालत ने मंगलवार को कहा, लेकिन सीएएस ने इक्वाडोरियन फुटबॉल फेडरेशन (एफईएफ) पर झूठी जानकारी के साथ एक दस्तावेज जमा करने के लिए 1,00,000 स्विस फ्रैंक का जुर्माना लगाया।

दक्षिण अमेरिकी पक्ष अपने अन्य ग्रुप ए मैचों में सेनेगल और नीदरलैंड से मिलने से पहले 20 नवंबर को मेजबान कतर के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा।

## विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव के सहारे है टीम इंडिया?

नई दिल्ली, आइसीसी इवेंट के नॉक–आउट मुकाबले में भारत को एक बार फिर हार का सामना करना पड़ा है। टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से करारी मात दी है। इस टूर्नामेंट में सलामी बल्लेबाज केएल राहुल और रोहित शर्मा का प्रदर्शन काफी साधारण रहा। विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव को छोड़कर किसी भी बल्लेबाजों ने लगातार अच्छे प्रदर्शन नहीं किए। मैच हारने के बाद यह सवाल पूछा जा रहा है कि क्या इस टूर्नामेंट में टीम इंडिया, कुछ ज्यादा ही विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव पर निर्भर नहीं हो गई थी। इस सवाल का जवाब ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज डेविड हसी ने दी है।

डेविड हसी ने कहा, 'मैं यह नहीं कहूंगा की टीम इंडिया ज्यादा ही विराट कोहली और सूर्यकुमार यादव पर निर्भर है। उनके पास सलामी बल्लेबाज, विकेटकीपर दिनेश कार्तिक जैसे कई अद्भुत खिलाड़ी हैं। उनके पास एक अच्छा तेज आक्रमण और अच्छी स्पिन गेंदबाज भी है और मुझे लगता है कि भारत की टीम काफी संतुलित है।

# हम अपना मुकाबले में 100 प्रतिशत देंगे, पाकिस्तानी कप्तान बाबर ने कहा



मेलबर्न, पाकिस्तान के सुपर 12 में एलिमिनेशन के कगार से वापस लौटने और न्यूजीलैंड को हराकर टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंचने के बीच कप्तान बाबर आजम ने कहा कि, पता नहीं हम किस टीम के साथ फाइनल मैच खेलेंगे। साथ ही पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख रमीज राजा ने टीम के विरोधियों पर कटाक्ष किया।

इंग्लैंड से भिडने के लिए तैयार है, बाबर से फाइनल में कट्टर प्रतिद्वंद्वियों के बीच संभावित संघर्ष के बारे में पूछा गया था। दो पूर्व चैंपियन 2007 में उद्घाटन टी20 विश्व कप के एक यादगार फाइनल में भिड़े, थे ।

फाइनल में दोनों पक्षों के बीच फिर से मैच के बारे में पूछे जाने पर, बाबर ने कहा कि उनकी टीम निडर क्रिकेट खेलेगी, चाहे जो भी प्रतिद्वंद्वी शिखर संघर्ष में हो। कोई फर्क नहीं पड़ता कि किस प्रतिद्वंद्वी से टीम का मुकाबला होगा, लेकिन हम 100 प्रतिशत देने की कोशिश करेंगे।

जब आप फाइनल में पहुंचते हैं तो आप निडर क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं। हमने पिछले 3–4 मैचों में जिस तरह की क्रिकेट खेली है, हम उसे जारी रखना चाहेंगे।सेमीफाइनल में बाबर ने 53 रन बनाए, उनके सलामी जोड़ीदार मोहम्मद रिजवान ने 57 रनों की पारी खेली, जब शाहीन आफरीदी ने 4 ओवरों में 24 रन पर 2 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड को मामूली कुल तक सीमित रखने में मदद मिली।पाकिस्तान के अन्य पूर्व क्रिकेटर भी विश्व कप के दौरान टेलीविजन चैनलों के स्टूडियो में भांगड़ा के साथ न्यूजीलैंड पर जीत पर अपनी प्रतिक्रिया से खुश थे।

# इंग्लैंड ने भारत को हराया, पाकिस्तान से फाइनल देखने का सपना हुआ चूर



नई दिल्ली, टी20 वर्ल्ड कप 2022 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने भारत को 10 विकेट से करारी मात दी है। इस मैच में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विराट कोहली और हार्दिक पांड्या की अर्धशतकी पारी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट पर 168 रन बनाए और इंग्लैंड को जीत के लिए 169 रन का टारगेट दिया। जीत के लिए मिले लक्ष्य को इंग्लैंड की टीम ने 10 विकेट शेष रहते हासिल कर लिया और फाइनल में जगह बना ली। इंग्लैंड की तरफ से टीम के ओपनर बल्लेबाज एलेक्स हेल्स और जोस बटलर ने 170 रन की पहले विकेट के लिए नाबाद साझेदारी करते हुए भारत को 10 विकेट से हरा दिया। अब टी20 वर्ल्ड कप 2022 का फाइनल मुकाबला इंग्लैंड और पाकिस्तान के साथ 13 नवंबर को मेलबर्न में खेला जाएगा। पाकिस्तान व इंग्लैंड की टीम ने एक–एक बार टी20 वर्ल्ड कप खिताब जीते हैं और अब उनके पास दूसरी बार ये खिताब जीतने का मौका होगा। इंग्लैंड की टीम ने भी टी20 वर्ल्ड कप में तीसरी बार फाइनल में जगह बनाई।

**वसीम अकरम ने की विराट कोहली की धीमी खेल की आलोचना**

मैच खत्म होने के बाद पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर्स वसीम अकरम ने पाकिस्तानी चैनल ए स्पोर्ट्स में बातचीत करते हुए बताया कि इंग्लैंड के खिलाफ भारत के बल्लेबाजों ने काफी धीमी शुरुआत की है। शायद इस पिच पर 190 का स्कोर अच्छा होता।

टीम इंडिया के बल्लेबाजों ने काफी देर के बाद अटैक करना शुरू किया। वसीम ने आगे कहा कि अगर टीम इंडिया में हार्दिक पांड्या न होते तो 168 रन का सम्मानजनक स्कोर भी नहीं बन पाता।

# नेशन्स कप में सविता करेंगी भारतीय महिलाओं की कप्तानी



बेंगलुरू, ।हॉकी इंडिया ने 2022 में पहली बार होने वाले एफआईएच महिला नेशन्स कप के लिए 20 सदस्यीय भारतीय महिला हॉकी टीम की घोषणा बुधवार को की। एफआईएच महिला राष्ट्र कप अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण आयोजन है क्योंकि यह टूर्नामेंट जीतने वाली टीम को एफआ-ईएच हॉकी महिला प्रो लीग के 2023–2024 सीजन् में पदोन्नत किया जाएगा। भारत को कनाडा, जापान और दक्षिण अफ्रीका के साथ पूल–बी में रखा गया है, जबकि आयरलैंड, इटली, कोरिया और स्पेन पूल–ए में हैं। गोलकीपर सविता पूनिया भारतीय महिलाओं की कप्तानी करेंगी जबकि दीप ग्रेस एक्का उपकप्तान होंगी। युवा फॉरवर्ड ब्यूटी डुंगडुंग इस टूर्नामेंट में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण करेंगी। साथ ही अनुभवी मिडफील्डर नवजोत कौर कोविड–19 के कारण बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 से चूकने के बाद टीम में लौट आई हैं। सविता के साथ बिछू देवी खरीबम को बतौर गोलकीपर स्क्वाड में शामिल किया गया है, जबकि दीप ग्रेस के साथ गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता और इशिका चौधरी भारतीय डिफेंस का हिस्सा होंगी। मिडफील्ड पर निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनीका, नेहा, सोनिका, ज्योति और नवजोत कौर मोर्चा संभालेंगी। फॉरवर्ड लाइन में डुंगडुंग को वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर और संगीता कुमारी का अनुभव मिलेगा। बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिलाओं ने एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2021–22 में पदार्पण करते हुए अर्जेंटीना और नीदरलैंड के बाद तीसरा स्थान हासिल किया था। सविता की अगुवाई में टीम नेशन्स कप जीतकर प्रो लीग 2023–24 में जगह बनाने का प्रयास करेगी। भारतीय टीम की कोच जैनेक शॉपमैन ने टीम चयन पर कहा, मैं इस समूह के प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। हमारा स्तर बढ़ता जा रहा है और यह समूह बहुत प्रतिस्पर्धी है। इनमें से 20 खिलाडियों को चुनना बहुत मुश्किल था लेकिन मेरा मानना है कि इस टीम के पास अच्छा प्रदर्शन करने का और यह दिखाने का अवसर है कि हम इतने समय से क्या तैयारी कर रहे हैं।

भारतीय टीम : सविता (कप्तान), बिछू देवी खरीबम, दीप ग्रेस एक्का (उप–कप्तान), गुरजीत कौर, निक्की प्रधान, उदिता, इशिका चौधरी, निशा, सलीमा टेटे, सुशीला चानू पुखरामबम, मोनिका, नेहा, सोनिका, ज्योति, नवजोत कौर, वंदना कटारिया, लालरेमसियामी, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, ब्यूटी डुंगडुंग।

## फिल्मी गपशप

# धनुष ने वाथी के पहले सिंगल की कुछ पंक्तियां गाते हुए उनका वीडियो शेयर किया

वेंकी अतलुरी की आगामी द्विभाषी फिल्म वाथी में मुख्य भूमिका निभा रहे धनुष ने एक वीडियो क्लिप पोस्ट की है, जिसमें वह 10 नवंबर को रिलीज होने वाली फिल्म के पहले सिंगल से कुछ पंक्तियां गाते नजर आ रहे हैं।

लगभग डेढ़ मिनट लंबे इस वीडियो में संगीत निर्देशक जीवी प्रकाश पियानो बजा रहे हैं और धनुष साथ में गा रहे हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि वीडियो क्लिप ने प्रशंसकों का ध्यान खींचा है।

मूल गीत गायिका श्वेता मोहन ने गाया है, जिसके बारे में धनुष ने खुलासा किया है कि यह उनका पसंदीदा गीत है।

सोशल मीडिया पर अपनी टाइमलाइन पर वीडियो क्लिप पोस्ट करते हुए, धनुष ने लिखा, वाथी/सर पहला सिंगल वा वाथी (तमिल)/मास्टरू (तेलुगु) 10 तारीख से। जी.वी. प्रकाश संगीत और मेरी पसंदीदा श्वेता मोहन ने इसे गाया है। उम्मीद है सभी लोगों को यह पसंद आएगा।



जहां धनुष ने गाने के तमिल संस्करण के लिए गीत लिखे हैं, वहीं तेलुगु संस्करण के लिए गीत रामजोगैया शास्त्री ने लिखे हैं।

वेंकी अतलुरी द्वारा लिखित और निर्देशित, फिल्म में संयुक्ता मेनन मुख्य भूमिका में हैं और यह इस साल 2 दिसंबर को स्क्रीन पर हिट होने वाली है।

फिल्म गरीबों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को सुलभ बनाने के बारे में है। अभिनेता धनुष ने फिल्म में त्रिपाठी एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में जूनियर लेक्चरर बाला गंगाधर तिलक की भूमिका निभाई है। धनुष ने फिल्म में एक पंच लाइन दी है, जिसे कई लोग वाथी का बॉटमलाइन मानते हैं। वे कहते हैं, शिक्षा उस भेंट के बराबर है जिसे हम मंदिर में भगवान के सामने रखते हैं। इसे वितरित करें। इसे किसी पांच सितारा होटल के पकवान की तरह न बेचें। धनुष और संयुक्ता मेनन के अलावा, फिल्म में साई कुमार, तनिकेला भरणी, समुथिरकानी, थोटापल्ली मधु, नररा श्रीनिवास, पम्मी साई, हाइपर आधी, शारा, आदुकलम नरेन, इलावरसु, मोट्टा राजेंद्रन, हरीश पेराडी और प्रवीणा भी हैं।

## अवनीत कौर ने शॉर्ट ड्रेस में बढ़ाया इंटरनेट का पारा, तस्वीरें देख फैंस ने भरी आहें

टीवी एक्ट्रेस अवनीत कौर इन दिनों अपनी फोटोज से इंटरनेट पर सनसनी मचाने में कोई कसर नहीं छोड़ रही हैं। एक्ट्रेस जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों की तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। हाल ही में अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट बोल्ड फोटोशूट से एक बार फिर बोल्ड अदाओं का तडक़ा लगा दिया है। अवनीत कौर ने महज 21 साल की उम्र में टीवी इंडस्ट्री में एक बढ़ा मुकाम हासिल किया है। हाल ही में एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरों से एक बार फिर फैंस के बीच बोल्डनेस का तडक़ा लगा दिया है। इन तस्वीरों में अवनीत कौर ने व्हाइट कलर का क्रॉप टॉप और साथ ही ब्लू कलर का शॉर्ट्स पहना हुआ है। ओपन कर्ली हेयर और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस अवनीत कौर ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है। अवनीत कौर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों की जमकर तारीफ करते हैं। अभिनेत्री सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। बता दें कि अवनीत कौर को इंस्टाग्राम पर 32 मिलियन से भी ज्यादा यूजर्स फॉलो करते हैं।

# जरीन खान जल्द ही नागभैरव में निभाती दिखेंगी दोहरी भूमिका

अभिनेत्री जरीन खान जल्द ही तमिल हॉरर–थ्रिलर नागभैरव में दमदार स्टंट के साथ दोहरी भूमिका निभाती नजर आएंगी। जरीन ने वीर से डेब्यू किया था इसके बाद उन्हें हाउसफुल 2 और हेट स्टोरी 3 जैसी फिल्मों में देखा गया, जिसके बाद उन्होंने जट्ट जेम्स बॉन्ड के साथ पंजाबी फिल्मों और थ्रिलर चाणक्य के साथ तेलुगु फिल्मों में कदम रखा।वी.सी. वादिवुदियां और वी. पलानीवेल द्वारा निर्मित यह फिल्म हिंदी सहित कई भाषाओं में रिलीज होगी। और पहली बार वह दोहरी भूमिका निभाएंगी। इसको लेकर एक्ट्रेस ने कहा है, इस फिल्म की शूटिंग के दौरान, मुझे लगा कि आखिरकार मुझे वह सब कुछ करने का मौका मिल गया जो मैं हमेशा से करना चाहती थी! अभी तक, हमने



चेन्नई, पांडिचेरी और कुंभकोणम में अपने हिस्से की शूटिंग कर ली है।

हमारे पास अभी भी एक शेड्यूल बाकी है। शूट करने के लिए, जिसकी योजना ज्यादातर नवंबर के आसपास बनाई जाएगी।नागभैरव को एक्शन से भरपूर एडवेंचर बताया जा रहा है।ऐसे युग में जहां महिला अभिनेताओं को अंततः उनकी कलात्मकता के लिए पहचाना और सराहा जा रहा है, मुझे खुशी है कि यह फिल्म मुझे सिर्फ एक सुंदर चेहरे के अलावा और भी बहुत कुछ करने का अवसर देती है!

# टीवीएफ की स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज सिक्सर का ट्रेलर जारी, अमेजन मिनी टीवी पर होगी रिलीज



देश की चर्चित प्रोडक्शन कंपनी द वायरल फीवर (टीवीएफ) ने कई दिलचस्प प्रोजेक्ट्स बनाए हैं। अब इसके बैनर तले बनने वाली वेब सीरीज सिक्सर का ऐलान हो चुका है। यह सीरीज 11 नवंबर को अमेजन मिनी टीवी पर मुफ्त में प्रसारित होगी। मेकर्स ने इसका ट्रेलर भी शेयर कर दिया है। ट्रेलर की शुरुआत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह इस प्रोजेक्ट के बारे में बताचीत करते हुए दिखे हैं।

अमेजन मिनी टीवी ने अपनी स्पोर्ट्स ड्रामा सीरीज सिक्सर की घोषणा की है। चैतन्य कुंभकोणम इस सीरीज का निर्देशन करेंगे। यह सीरीज हिंदी में दर्शकों के बीच आएगी और इसमें कुल छह एपिसोड होंगे। इसकी कहानी क्रिकेट के इर्द–गिर्द बुनी गई है। अभिनेता शिवांकित सिंह परिहार इस सीरीज में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। वह टीवीएफ के अन्य प्रोजेक्ट्स बैचलर्स और एस्पिरेंट्स में अपना जलवा दिखा चुके हैं।

सीरीज में इंदौर के विजय नगर के एक युवा क्रिकेटर निकुंज शुक्ला उर्फ निक्कू के जीवन की झलक दिखाई गई है। शिवांकित ने यह किरदार निभाया है। इसमें भस्मासुर का उदाहरण देते हुए मजेदार अंदाज में कहानी दिखाई गई है। इसकी कहानी देश के छोटे शहरों में रहने वाले क्रिकेट खिलाड़ियों और उनकी रोजमर्रा की जिंदगी को सामने लाती है। इसमें खेल भावना, लालच, भटकाव और सट्टेबाजी को भी दिखाने की कोशिश की गई है।

# प्रमोशन के दौरान अभिनेता आदित्य सील को याद आए अपने स्कूल के दिन

बॉलीवुड एक्टर आदित्य सील अपनी अपकमिंग फिल्म रॉकेट गैंग के प्रमोशन में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं और फिल्म के बारे में बात करने के लिए उनके पुराने स्कूल से बेहतर जगह और क्या हो सकती है, जो बचपन के दोस्तों के बारे में है। अपने अल्मा मेटर, सीएनएम स्कूल, विले पार्ले, मुंबई में पहुंचकर आदित्य अपनी खुशी को काबू नही कर सके, उन्होंने कहा, आज इन बच्चों के आस–पास होने के कारण, मुझे अपने स्कूल के दिन याद आ गए, स्कूल के माहौल ने मुझे बेहद उदासीन बना दिया क्योंकि मुझे अपने सभी दोस्तों के साथ की गई सारी मस्ती याद आ गई। आदित्य ने बच्चों को अपनी फिल्म का सिग्नेचर स्टेप भी सिखाया और बदले में बच्चों ने उनके साथ कई गेम खेले जो तुम बिन 2 के अभिनेता को उनके स्कूल के दिनों की याद दिलाते हैं। उनका कहना था, बच्चों के साथ बातचीत करने में बहुत मजा आया, वे इतने हंसमुख और जीवन से भरे हुए हैं कि इसने मेरे दिन को रोशन कर दिया। हमने नृत्य किया और खेल खेले और यह निश्चित रूप से सबसे मजेदार था जो मैंने प्रचार के दौरान किया था। बॉस्को मार्टिस द्वारा निर्देशित फिल्म रॉकेट गैंग जी स्टूडियो द्वारा निर्मित है। इसमें आदित्य सील और निकिता दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 11 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए बिल्कुल तैयार है।



जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382—222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com